हरिभूमि रायपुर भूमि

बारिश में जयघोष करते निकले कांवड़िए...

रायपुर। श्रावण मास के तीसरे सोमवार पर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने बड़ी संख्या में कांवड़िए निकल पड़े। रविवार को बारिश में भीगते, कांवड़ लेकर रास्तों पर नंगे पैर यात्रा करते कांवड़िए भगवान शिव का जयघोष भी करते रहे। बच्चे, युवा, बुजुर्ग, अधेड़, महिलाएं आस्था का जल लेकर शिवालयों की तरफ अपने कदम बढ़ाते दिखे। सावन सोमवार पर महादेव को प्रसन्न करने जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक तथा फल-फूल, मेवा, बेलपत्र, इत्र, चंदन, गन्ने का रस आदि अर्पण किए जाने की परंपरा है।

खबर संक्षेप

महिला की हत्या मामले में संदिग्ध हिरासत में

रायपुर। मुजगहन थाना क्षेत्र में पिछले महीने 21 जुलाई को महिला की हत्या कर लाश झाड़ियों के पीछे छिपाने वाले एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। महिला की शिनाख्त बोरियाकला निवासी सुभद्रा चौहान के रूप में हुई थी। वह घरों में बर्तन मांजने तथा झाड़ू-पोंछा लगाने का काम करती थी। आरोपी ने दुष्कर्म करने की नीयत से काम पर जा रही महिला को रास्ते में रोका था। इस दौरान उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। महिला ने जब विरोध किया तो आरोपी ने महिला की हत्या कर दी। घटना को लेकर जल्द ही पुलिस पूरे मामले का खुलासा करेगी।

सेंध के पास स्टंट, 59 बाइकर्स पर कार्रवाई

रायपुर। मंदिर हसौद पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर नवा रायपुर सेंध जलाशय के पास स्टंटबाजी करने वाले 59 बाइकर्स के खिलाफ कार्रवाई की है। इनमें कई बाइकर्स ऐसे थे, जो बगैर हेलमेट पहने तीन सवारी बाइक दौड़ा रहे थे। जिन बाइकर्स के खिलाफ पुलिस ने कारवाई की है। उनमें ज्यादातर नाबालिग हैं। पुलिस ने उक्त कार्रवाई स्वतंत्रता दिवस के दिन की।

कबाड़ से भरे वाहनों की जांच पुलिस ने खंगाला स्क्रैप

रायपुर। अवैध रूप से संग्रहित कर रखे कबाड़ सहित अन्य सामान की जब्ती के लिए पुलिस ने अभियान चलाया। सिलतरा थाने के स्टाफ ने मुखबिर की सूचना के आधार पर संदिग्ध वाहनों की जांच की। सूचना मिली थी कि रिंगरोड-3 धनेली नाला के पास बड़ी बाउंड्री के पीछे छिपाकर रखे गए मालवाहक वाहनों में भारी मात्रा में स्पंज, क्वाइल एवं स्क्रैप रखा हुआ है। मौके पर उमेश साव और अमन गुप्ता मिले, जिनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई उनसे जब्त कबाड़ की जांच की जा रही है। संदेहियों से पुलिस ने एक पिकअप में 700 क्विंटल स्पंज तथा टाटा मालवाहक वाहन से डेढ़ टन स्क्रैप जब्त किया है।

सब्जी खरीदने गए वृद्ध का मोबाइल पार

रायपुर। सब्जी खरीदने के लिए बाजार गए वृद्ध की जेब से किसी ने मोबाइल पार कर दिया। खरीदारी कर जब प्रार्थी अपने घर वापस लौटा तो उसे मोबाइल चोरी होने की जानकारी मिली। सत्यम नगर कचना निवासी रमेश केडिया सब्जी खरीदने के लिए बाजार गए थे। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर किसी ने उनकी जेब से 20 हजार रुपए कीमत का मोबाइल पार कर दिया। खम्हारडीह पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासाजी में जुट गई है।

पुलिस का साइबर जागृति अभियान पखवाड़ा

रायपुर। साइबर अपराधों के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक विशेष साइबर जागृति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पुलिस कमिश्नरेट की टीम द्वारा ज्यादा से ज्यादा साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाने के लिए सार्वजनिक एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

टाटीबंध का मामला, मंगेतर को किसी दूसरे की कार में देखा, आपत्ति करने पर कार चालक ने कुचला

राजधानी की बड़ी चिंता, औसतन हर दूसरे दिन हत्या, इनमें प्रेम प्रसंग के केस ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

पुलिस कमिश्नरेट तथा रायपुर ग्रामीण के अलग-अलग छह थाना क्षेत्र में पिछले 16 दिनों में सात हत्याएं चुकी हैं। औसतन हर दूसरे दिन एक हत्या की वारदात सामने आई हैं। ज्यादातर घटनाएं प्रेम प्रसंग तथा आपसी रंजिश के चलते हुई हैं। सात हत्याओं में से पुलिस ने पांच प्रकरणों को सुलझाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अभनपुर तथा आमानाका थाना क्षेत्र में हत्या की घटना में शामिल आरोपियों को पुलिस अब तक पकड़ नहीं पाई है।

राजधानी में पिछले 16 दिनों के भीतर हत्या की जो घटनाएं हुई हैं, उनमें पांच मामले प्री प्लान मर्डर के हैं। आमानाका थाना क्षेत्र में 14 अगस्त को हत्या की घटना तात्कालिक कारणों से हुई। दो हत्याएं शराब के नशे में धुत होकर की गई हैं। एक हत्या की वारदात लिव इन के रिश्तों में दरार आने की वजह से हुई है। अभनपुर छांटा तालाब में मछलीपालन केंद्र में चौकीदार की हत्या के कारणों का तथा आरोपी का अब तक पता नहीं चल पाया है। चौकीदार परमेश्वर सिदार की गला घोंटकर हत्या की गई थी।

किसी और की कार से पहुंची मंगेतर

टाटीबंध निवासी परमप्रीत सिंह की दुर्ग निवासी भरत मंगनानी ने 14 अगस्त को कार से कुचलकर हत्या कर दी थी। जानकारी के मुताबिक, परमप्रीत ने अपने मंगेतर को मिलने के लिए रायपुर बुलाया था। युवती भरत की कार में रायपुर पहुंची। अपनी मंगेतर को किसी दूसरे के साथ देख परमप्रीत ने आपत्ति जताई। इस पर दोनों का मौके पर विवाद शुरू हो गया। इस दौरान भरत ने अपनी कार आगे बढ़ा दी। तब परमप्रीत कार की छत पर चढ़ गया। कार को तेजी से आगे बढ़ाने और जोर से ब्रेक लगाने पर परमप्रीत कार की छत से सिर के बल गिर गया, इस दौरान वह कार के पिछला पहिए की चपेट में आकर बुरी तरह से कुचला गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परमप्रीत मोटरपार्ट्स का काम करता था।

युवती की हत्या अब तक अनसुलझी

इधर, 14 अगस्त को गंज थाना क्षेत्र के नहरपारा, झूलेलाल चौक स्थित होटल के कमरे में किशन भारद्वाज ने एक युवती की चाकू मारकर हत्या करने के बाद खुद अपने गले को चाकू से रेत लिया था। जिस होटल में युवती के साथ वारदात हुई, उस होटल में पूर्व में दोनों आकर रुक चुके थे। किशन ने किस कारण युवती की हत्या की थी। इसका अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस को दोनों के मोबाइल से वाट्स एप चैटिंग मिली है। आशंका जताई जा रही है कि प्रेम प्रसंग विवाद पर युवक ने युवती की हत्या की होगी।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती, आशंका में की वारदात

खमतराई थाना क्षेत्र की डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में विगत 4 अगस्त को टिकरापारा थाना क्षेत्र की जिस युवती की लाश मिली थी। उस युवती का करण तांडी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती हुई थी। युवती ने किसी कारण से करण की आईडी ब्लॉक कर दी थी। इस पर करण को युवती के साथ किसी दूसरे के साथ अफेयर की आशंका हुई और उसने उसे झांसा देकर मिलने के बुलाया, जहां उसकी गला दबाकर हत्या करने के बाद लाश नाले में फेंक दी थी। मुजगहन थाना क्षेत्र में लिव इन में रह रहे कोण्डागांव के युवक ने वहीं की युवती की किसी दूसरे के साथ अफेयर होने की आशंका में हत्या की थी। शराब के नशे में पवन टंडन ने अपने ही एक साथी की बहन के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस बाद से नाराज होकर सूरज ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर पवन की हत्या करने की योजना बनाई। उसने अपने साथियों के साथ ▶▶| शेष पेज 13 पर

रिश्वत मामले में रेल अफसर को रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीआई ने रिश्वत के एक मामले में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर), भिलाई में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (डीएमई) के पद पर कार्यरत भारतीय रेल यांत्रिक अभियंता सेवा (आईआरएसएमई) के एक अधिकारी को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने 13 अगस्त 2026 को उक्त आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भिलाई ने शिकायतकर्ता के लंबित बिलों को पारित करने के लिए उससे 2 लाख रुपए की अनुचित राशि की मांग की थी। बातचीत के बाद आरोपी अफसर, शिकायतकर्ता से 1 लाख रुपए की रिश्वत स्वीकार करने के लिए सहमत हुआ। सीबीआई ने आरोपी अधिकारी को गिरफ्तार करने जाल बिछाया और वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता भिलाई को मांगी गई रिश्वत की आंशिक राशि के रूप में 50 हजार रुपए राशि लेते हुए पकड़ा। आरोपी के निर्देश पर एक बिचौलिए ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की राशि ली थी। आरोपी के रायपुर और भिलाई स्थित आवासीय एवं कार्यालय परिसरों में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान लगभग 77 लाख रुपए नकद तथा लगभग 14 लाख रुपए मूल्य के आभूषण पाए गए।

- लंबित बिलों के भुगतान के लिए मांगे थे दो लाख रुपए

चार दिन की रिमांड

आरोपी रेल अफसर को बिचौलिए के साथ 14 अगस्त को गिरफ्तार किया गया और सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपियों की 4 दिन की पुलिस रिमांड मंजूर की है। मामले की जांच जारी है।

दो और प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में 50-50 सीटों का इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में प्रायवेट मेडिकल कॉलेजों का दबदबा कायम है...। एनएमसी ने दो और कॉलेजों में एमबीबीएस की 50-50 सीटें बढ़ाने की अनुमति दी है। राज्य में मेडिकल यूजी प्रवेश का पंजीयन पूर्ण होने से पहले छह निजी कॉलेजों में 1300 यूजी सीटें हो चुकी हैं, जबकि 15 सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में इसकी संख्या 1725 है। एकमात्र शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर में 250 सीटें है, जबकि चार निजी कॉलेजों की क्षमता 250-250 की हो चुकी है।

- छह निजी कॉलेजों में कुल 1300 तो 15 सरकारी महाविद्यालयों में 1725 सीटें

पूर्व घोषित शेड्यूल के मुताबिक मेडिकल यूजी काउंसिलिंग में प्रवेश के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अगस्त है। हालांकि इसे आगे बढ़ाने की पूरी संभावना है। पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ होने के राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) की ओर से तीन कालेजों को 50-50 सीटें बढ़ाने की अनुमति दी जा चुकी है। इसके पूर्व कुछ अन्य कॉलेजों में तीन सौ से ज्यादा सीटें बढ़ाई गई थीं। राज्य में मेडिकल की पढ़ाई में प्रायवेट सेक्टर का काफी दबदबा है।

यहां छह कॉलेजों में इस बार 1300 सीटों पर एमबीबीएस के लिए एडमिशन दिया जाएगा। इसमें चार कॉलेजों में ढाई-ढाई सौ सीटें शामिल हैं। दूसरी ओर एकमात्र पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज ही ऐसा है, जहां इस बार सीटों की संख्या ढाई सौ तक पहुंची है और शेष 14 कॉलेजों की क्षमता 50 से 200 के बीच है। इधर एमबीबीएस के साथ बीडीएस और बीपीटी के एडमिशन के लिए पंजीयन कराया जा रहा है। माना जा रहा है कि राज्य में प्रथम दौर की काउंसिलिंग ऑल इंडिया कोटे के पहले राउंड में प्रवेश के बाद प्रारंभ होगी। राज्य में अब तक की स्थिति में एमबीबीएस के सीटों की कुल संख्या 3025 हो चुकी है।

इन कालेजों को मिली अनुमति

एनएमसी ने 15 अगस्त को मां पद्मावती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल रिसर्च की क्षमता को सौ से बढ़ाकर डेढ़ सौ किया है। वहीं अभिषेक आई. मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च में यूजी सीटों की संख्या दो सौ से बढ़ाकर ढाई सौ कर दी है। इसके पूर्व पिछले दिनों रावतपुरा मेडिकल कॉलेज की 50 नई सीटों को एनएमसी को हरी झंडी दी थी। राज्य में संसाधन जुटाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने की वजह से पांच सरकारी कॉलेज 50-50 सीटों पर ही प्रवेश की अनुमति हासिल कर पाए। खुलने वाले नए मेडिकल कॉलेजों ने 150 सीटों के साथ इस साल एमबीबीएस की पढ़ाई कराने के लिए चिकित्सा शिक्षा में एंट्री की है।

ज्वेलरी शॉप में धावा, 72 घंटे में धरे गए पांच शातिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के रावतपुरा फेस-2 स्थित श्री गुरु ज्वेलर्स में सेंधमारी कर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी करने वाले गिरोह के पांच शातिरों को पुलिस ने 72 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपियों को धर-दबोचा। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 2 किलोग्राम चांदी के जेवरात, सोने का लॉकेट, वारदात में इस्तेमाल दो दोपहिया वाहन और 5 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त सामान की कुल कीमत 7.50 लाख रुपए आंकी गई है। रावतपुरा कॉलोनी फेस-2 निवासी निमाई डोंडा को 10 अगस्त 2026 की सुबह करीब 7 बजे दुकान में चोरी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर देखा तो दुकान की दीवार टूटी हुई थी और दुकान में रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब मिले। ▶▶| शेष पेज 13 पर

'निष्ठा' के जरिए बढ़ाई जाएगी शिक्षकों की क्षमता, सीखेंगे अध्यापन में तकनीक का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों के लिए दो नई पहल शुरू की हैं। पहली पहल के तहत 2026-27 सत्र के लिए निष्ठा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं, जबकि दूसरी पहल में दीक्षा प्लेटफॉर्म पर 845 से अधिक वर्चुअल लैब और डिजिटल शिक्षण संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। इनका उद्देश्य शिक्षकों की क्षमता बढ़ाना और छात्रों के लिए पढ़ाई को अधिक रोचक ▶▶| शेष पेज 13 पर

- प्राथमिक कक्षा के शिक्षकों को ही किया जाएगा शामिल

साइबर सुरक्षा व स्वच्छता की जानकारी

निष्ठा के तहत तृतीय श्रेणी में सभी स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों के लिए उन्नत प्रशिक्षण कोर्स उपलब्ध हैं। इनमें साइबर सुरक्षा और स्वच्छता, डिजिटल उपकरणों का सही उपयोग, ई-कचरे से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान, एक्शन रिसर्च और कैच द रेन जैसे विषय शामिल हैं। ये कोर्स हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध हैं। इच्छुक शिक्षक एनसीईआरटी के निष्ठा पोर्टल पर जाकर कोर्स और कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

845 से अधिक वर्चुअल लैब

सीबीएसई के अनुसार, दीक्षा प्लेटफॉर्म पर 845 से अधिक वर्चुअल लैब और डिजिटल शिक्षण संसाधन उपलब्ध हैं। इन्हें शिक्षा मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तैयार किया है। ये संसाधन एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम के अनुसार बनाए गए हैं और कक्षा, विषय व अध्याय के आधार पर व्यवस्थित हैं। इनमें ज्यादातर वर्चुअल लैब विज्ञान और गणित विषयों से जुड़ी हैं, जिन्हें दीक्षा पोर्टल और मोबाइल ऐप पर आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है। बोर्ड द्वारा यह प्रयत्न किया गया है कि पाठ्यक्रम की अधिकतर चीजें इसके माध्यम से समझाई जा सकें।

आधे में नहीं मिली गड़बड़ी, बाकी की चल रही है जांच

राजधानी में स्मार्ट मीटरों के तेज चलने की सवा सौ अर्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

स्मार्ट मीटरों को लेकर प्रदेश में विवाद बना हुआ है। उपभोक्ता अब लगातार बिजली दफ्तरों में मीटरों के तेज चलने की शिकायत के साथ अर्जियां दे रहे हैं। ऐसे में पॉवर कंपनी ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शनों के साथ चेक मीटर लगाकर स्मार्ट मीटर को चेक करने का काम कर रही है। राजधानी रायपुर में अब तक सवा सौ अर्जियां लगी हैं। इसमें से आधे की जांच पूरी हो चुकी है। इनमें कहीं कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। बचे मीटरों की जांच चल रही है। प्रदेश भर में 16 हजार से ज्यादा अर्जियों पर चेक मीटर लगाकर स्मार्ट मीटरों की जांच की गई है। किसी में भी कोई गड़बड़ी अब तक सामने नहीं आई है। प्रदेश भर के उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। अब तक 41 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इन मीटरों को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं कि इन मीटरों के कारण बिजली का बिल डबल से ज्यादा हो गया है। इसको लेकर कांग्रेस आंदोलन भी कर रही है। कांग्रेस ने तो स्मार्ट मीटर बदलने को लेकर उपभोक्ताओं से फार्म भी भरवाने प्रारंभ कर दिए हैं।

वायरिंग की खराबी का भी असर

पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक घर की वायरिंग में खराबी होने के कारण भी मीटर की रीडिंग में फर्क आता है। बैजनाथ पारा के एक उपभोक्ता को शिकायत थी कि उसकी रीडिंग बहुत ज्यादा आ रही है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों ने उनको घर की वायरिंग चेक कराने के लिए कहा। उन्होंने अपने घर की वायरिंग चेक करवाई तो उनके घर में एक एमसीबी खराब मिली। इसको बदलने के बाद उनकी खपत कम हो गई।

रायपुर में 60 मीटरों में नहीं मिली गड़बड़ी

राजधानी रायपुर के सर्किल वन में उपभोक्ताओं के आवेदनों पर 100 उपभोक्ताओं के कनेक्शनों में स्मार्ट मीटरों को चेक करने के लिए पुराने चेक मीटर लगाए। सर्किल वन के अधीक्षण अभियंता महावीर विश्वकर्मा के मुताबिक अब तक 60 मीटरों की जांच रिपोर्ट में एक भी स्मार्ट मीटर और चेक मीटर में कोई अंतर नहीं मिला है। जिन भी उपभोक्ताओं को कोई भी संदेह है वे आवेदन देकर चेक मीटर लगवा सकते हैं। बचे कनेक्शनों की जांच चल रही है। सर्किल दो के अधीक्षण अभियंता महेश ठाकुर के मुताबिक उनके सर्किल में 23 उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटरों में गड़बड़ी का संदेह जताते हुए आवेदन किए हैं। इसके बाद इनके कनेक्शनों में चेक मीटर लगाए गए हैं। एक माह तक जांच करके दोनों मीटरों की रीडिंग का मिलान किया जाएगा।

सीएनजी के पंप बढ़ गए, पर वाहनों के खरीदार हो गए कम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब तेजी से सीएनजी पंपों का नेटवर्क बढ़ रहा है। भिलाई-दुर्ग में आधा दर्जन से ज्यादा पंप खुल गए हैं। राजधानी रायपुर में भी आधा दर्जन पंप हो गए हैं। इसी के साथ बिलासपुर और कोरबा के अलावा बलौदाबाजार, महासमुंद, बस्तर, कवर्धा सहित 15 शहरों में पंप खुल गए हैं। लेकिन जहां तक सीएनजी वाहनों का सवाल है तो ये वाहन बहुत कम बिक रहे हैं। प्रदेश में करीब सौ कारें बिक रही है। इसी के साथ हर माह करीब डेढ़ से दो दर्जन ऑटो भी बिक रहे हैं।

मारुति के हर मॉडल में सीएनजी है। रायपुर में हर माह 15 से 20 कारें बिक रही हैं। मारूति शो रूम के अनिल अग्रवाल का कहना है कि पंप बढ़ने पर कारों की बिक्री की रफ्तार में इजाफा होगा। राजधानी रायपुर में पहले ऑटो ज्यादा बिक रहे थे, लेकिन अब ई-रिक्शा के कारण इसकी ब्रिकी प्रभावित हो रही रही है। रायपुर में पहले हर माह पहले 10 से 12 ऑटो बिक रहे थे। लेकिन अब इसकी संख्या कम हो गई हैं। पहले रायपुर में ई-रिक्शा माह में दस बिकते थे जो अब सौ से ज्यादा हो गए हैं। रायपुर के साथ ही भिलाई, बिलासपुर, कोरबा में भी सीएनजी के ऑटो लगातार बिक रहे हैं, लेकिन इनकी संख्या बहुत कम है। बीते माह जुलाई में प्रदेश भर में 21 सीएनजी ऑटो बिके हैं। इसके पहले जून में महज 9 बिके थे।

हरिभूमि सरोकार

माहभर में बिक रही हैं सिर्फ सौ कारें, ऑटो भी बिक रहे कम

बिक रही 100 से ज्यादा कारें

मारुति कंपनी में हर मॉडल में सीएनजी मॉडल है। रायपुर में कंपनी के डीलरों के मुताबिक यहां पर एक माह में 40 से 50 कारें बिक रही हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि यहां पर पंप कम है। भिलाई में आधा दर्जन से ज्यादा पंप होने के कारण वहां पर भी कारें बिक रहे हैं। इसी के साथ बिलासपुर और कोरबा में ज्यादा पंप होने के कारण वहां पर भी वाहनों के बिकने का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। हर माह प्रदेश में 100 से ज्यादा कारें बिक रही हैं। मारुति के अलावा टाटा की भी कारें बिक रही हैं।



रायपुर में खुलेंगे और पंप

सीएनजी वाहनों के लिए रायपुर में पहला पंप लोधी पारा में खुला था। इसके बाद आमानाका में भी एक पंप खुला था, लेकिन अब यह बंद हो गया है। एक पंप रिंग रोड एक, एक पंप जेल रोड और एक तेलीबांधा में हैं। इसके अलावा भनपुरी में भी एक पंप खुला है। इस समय रायपुर में आधा दर्जन पंप हैं। इसी के साथ शहर के और कई स्थानों पर पंप खोलने की योजना है। पहले पंप के संचालक नीरज शर्मा ने बताया, हमने एचपी का पंप खोला है। हमारे यहां रोज सौ वाहनों आते हैं सीएनजी भरवाने के लिए। रायपुर में लगातार सीएनजी की कारें और ऑटो बढ़ रहे हैं। रायपुर में दूसरे राज्यों से यहां तबादला होकर आने वालों के पास सीएनजी वाहन हैं। इसी के साथ दूसरे राज्यों से यहां आने वालों को भी सीएनजी गैस की जरूरत पड़ती है।

खबर संक्षेप

राज्यपाल ने नेत्रहीन छात्राओं को भेंट दी स्मार्ट स्टिक

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने लोकभवन में नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड, रायपुर द्वारा संचालित प्रेरणा गुरुकुलम विद्या पीठम की नेत्रहीन छात्राओं को स्मार्ट स्टिक प्रदान की। यह स्मार्ट स्टिक छात्राओं को सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर तरीके से आवागमन में सहायता करेगी। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी तथा राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना भी मौजूद रहे। राज्यपाल ने छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को समान अवसर और आत्मनिर्भरता प्रदान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से नेत्रहीन विद्यार्थियों के जीवन को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

सीएम साय ने स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास पर स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री ने श्री ठाकरे के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए राष्ट्र और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्व. कुशाभाऊ ठाकरे का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन निर्माण और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा। सादगी, अनुशासन, निष्ठा और सेवाभाव उनके व्यक्तित्व की विशिष्ट पहचान थी। उन्होंने अपने आचरण और कार्यशैली से सार्वजनिक जीवन में उच्च आदर्श स्थापित किए।

शुद्धिकरणः केवल खड़गे का ही नहीं, दलितों-वंचितों का अपमान

रायपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा उत्तराखंड के हल्द्वानी में सभा किए जाने के पश्चात सभास्थल का शुद्धिकरण किए जाने की घटना की दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता भगवानू नायक ने कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए कहा, यह घटना अत्यंत दुखद और शर्मनाक है, यह अपमान केवल अकेले मल्लिकार्जुन खड़गे का ही नहीं, बल्कि देश के 25 करोड़ दलितों और वंचित समाज का अपमान है। उन्होंने कहा शुद्धिकरण किसी स्थान का नहीं, बल्कि ऐसी सामंतवादी, जातिवादी और भेदभावपूर्ण सोच रखने वाले लोगों के मन-मस्तिष्क का होना चाहिए। श्री खड़गे केवल देश के सबसे एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के अध्यक्ष, राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष, एक वयोवृद्ध और दलित समाज के सम्मानित नेता भी हैं। जब ऐसे व्यक्तित्व का अपमान किया जा सकता है, तब इस देश के करोड़ों गरीब, दलित, वंचित समुदाय के प्रति सामंतवादी लोगों की कैसी सोच होगी? यह घटना स्पष्ट रूप से उनके चाल, चरित्र और चेहरा को उजागर कर देती है।

27 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा

प्रदेश के ज्यादातर बांधों की हालत बेहतर मिनीमाता बांगो बांध के 7 गेट खोले गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मिनीमाता बांगो बांध में पानी की अत्यधिक आवक और जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के चलते प्रशासन ने बाढ़ नियंत्रण उपायों के तहत बांध के गेट खोल दिए हैं। हसदेव नदी में कुल 27,786 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है. जिसके चलते नदी किनारे बसे गांवों और निचले इलाकों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

अब तक की स्थिति में बांध के कुल 7 गेट खोलकर पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। बांगो बांध में 93 प्रतिशत से अधिक जलभराव हो चुका है। कैचमेंट इलाकों में निरंतर बारिश के बाद जलस्तर अब भी लगातार बढ़ रहा है। अब तक की स्थिति में मिनीमाता बांगो बांध का जलस्तर 358.60 मीटर दर्ज किया गया था, जो बांध की कुल क्षमता का 93.65 प्रतिशत है। जलाशय में भारी मात्रा में पानी की आवक होने के कारण सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से बांध के गेटों को खोलकर पानी को नियंत्रित किया जा रहा है।

जलस्तर कम नहीं हुआ, और पानी छोड़ने की संभावना

जानकारी के मुताबिक, बांध के इन 7 गेटों से कुल 18,786 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, इसके अतिरिक्त, पॉवर प्लांट (हाइडल) के संचालन के माध्यम से 9,000 क्यूसेक पानी और छोड़ा जा रहा है। बांध और पॉवर प्लांट से कुल मिलाकर 27,786 क्यूसेक पानी सीधे हसदेव नदी में प्रवाहित हो रहा है। बांगो बांध परियोजना के कार्यपालन अभियंता एसके भारती ने बताया कि बांध के कुल 7 गेटों को आंशिक रूप से खोला गया है। पानी के बेहतर नियंत्रण के लिए पानी नदी में छोड़ा जा रहा है, जलस्तर कम नहीं हुआ तो पानी का नदी में छोड़ा जाना जारी रहेगा।

तटवर्ती इलाकों में अलर्ट जारी

बांध से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण हसदेव नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए जल संसाधन विभाग और जिला प्रशासन ने नदी के तटीय इलाकों में रहने वाले सभी नागरिकों, मवेशी चराने वालों और पर्यटकों से सतर्क रहने की अपील की है।

छत्तीसगढ़ के बांधों में 87 फीसदी से अधिक पानी

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के बीच जलाशयों में जलभराव की स्थिति बेहतर बनी हुई है। छत्तीसगढ़ के 46 महत्वपूर्ण जलाशयों में कुल 5543.37 मिलियन घनमीटर (एमसीएम) पानी उपलब्ध है। यह इन जलाशयों की कुल लाइव क्षमता का 87.16 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जलाशयों में 74.23 प्रतिशत पानी था। 12 बड़े जलाशयों में मिनीमाता बांगो जलाशय 94.19 प्रतिशत भरा है। गंगरेल में 85 प्रतिशत, तांदुला 74.99 प्रतिशत और दुधावा में 76.76 प्रतिशत पानी है। वहीं खारंग, कोडार और मनियारी पूरी तरह भर चुके हैं। इन तीनों जलाशयों में जलभराव 100 प्रतिशत दर्ज किया गया है। मुरुमसिल्ली में 88.98 प्रतिशत और सोंदूर में 80.16 प्रतिशत पानी है। केलो जलाशय में 34.33 प्रतिशत और अरपा-भैंसाझार में 44.96 प्रतिशत पानी दर्ज किया गया है। मध्यम जलाशयों में कोसारटेड में 99.98 प्रतिशत, बल्लार में 99.13 प्रतिशत, घोंघा में 100 प्रतिशत, मतियामोती में 99.96 प्रतिशत और झुमका में 100 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है।

राष्ट्रीय ध्वज का अपमान थाने में दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा राज्यसभा सदस्य नितिन नवीन के घर की छत पर लगे राष्ट्रीय ध्वज को एडिट कर विकृत स्वरूप में पेश करने वाले बेमेतरा कांग्रेस जिला अध्यक्ष के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने अरुण साहू के खिलाफ शिकायत की है।

- बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने की शिकायत

प्रदेश प्रवक्ता ने अपने शिकायत में बताया कि हर घर तिरंगा मुहिम के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा अपने निवास में राष्ट्रध्वज लगाया गया था। बेमेतरा जिलाध्यक्ष (आईटी सेल छत्तीसगढ़ कांग्रेस) अरुण साहू द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट से राष्ट्रध्वज को एडिट कर अपमानित किया गया तथा भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा राज्यसभा सांसद को बदनाम करने का प्रयास किया। इसके बाद उसने अपना पोस्ट डिलीट कर बचने का प्रयास किया। शिकायत में गौरीशंकर ने अरुण साहू द्वारा की गई आपत्तिजनक पोस्ट की स्क्रीन शॉट की कॉपी पुलिस को उपलब्ध कराई है। प्रदेश प्रवक्ता की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर जांच कर रही है।

कांवड़ यात्रा में नेताओं समेत शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

श्रावण मास के पावन अवसर पर राजधानी के मोतीबाग चौक स्थित बाबा श्री वैधनाथ धाम तक रविवार को भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। आयोजक एवं यात्रा के नेतृत्वकर्ता सीए अमित चिमनानी ने बताया, यात्रा न्यू राजेन्द्र नगर स्थित उनके निवास से निकाली गई एवं बच्चे,महिलाएं, बुजुर्ग सभी ने कांवड़ यात्रा में भाग लेकर यात्रा को महत्वपूर्ण बनाया। यात्रा में भगवान शिव एवं नंदी की झांकियां एवं भव्य शिवलिंग भी आकर्षण का केंद्र रहा। यात्रा के स्वागत में जगह जगह पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी की गई। यात्रा में भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, महाराज राजीव लोचन सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

श्री चिमनानी ने बताया श्रद्धालुओं ने 7 नदियों मां गंगा (हर की पौड़ी), मां नर्मदा (ग्वारीघाट, जबलपुर), मां अरपा (बिलासपुर घाट), मां खारुन (महादेव घाट), राजिम त्रिवेणी संगम (राजिम), मां महानदी, मां पैरी और मां सोंढूर का पवित्र जल लेकर यात्रा की एवं उसके बाद इस पवित्र जल से शिव अभिषेक किया। यात्रा की शुरुआत कावड़ पूजन से की गई ,तत्पश्चात महाकाल की आरती के साथ यात्रा की शुरूआत हुई। यात्रा समाप्ति के बाद विधिवत जल अभिषेक कर छत्तीसगढ़ की खुशहाली की प्रार्थना की गईं।

सात नदियों के जल से किया गया वैधनाथ धाम में भगवान शिव का जलाभिषेक

ये रहे मौजूद

यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, राजीव लोचन महाराज विधायक पुरन्दर मिश्रा ,भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव, केदार गुप्ता, अमरजीत छाबड़ा ,नेहरू निषाद,छगन मूंदड़ा ,किरण बघेल, उज्ज्वल दीपक, राजीव चक्रवर्ती, सुनील चौधरी, विश्वदिनी पाण्डेय ,निशिकांत पांडे ,अनामिका सिंह, सहित छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी ,चैंबर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, कैट के प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह, समाजसेवी मुखी मन्नूमल पृथवानी, भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष लधाराम नैनवानी, वरिष्ठ समाजसेवी रमेश मिर्घानी, बलराम आहूजा, सुशील केसवानी, झामनदास बजाज, श्याम चावला, महेश प्रितवानी, प्रेमप्रकाश मध्यानी, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

चैंबर भवन में मनाया आजादी का पर्व, किया ध्वजारोहण

रायपुर। चैंबर भवन में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्तिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया ने सुबह 9.30 बजे सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने राष्ट्रगान के सम्मान में सावधान की मुद्रा में खड़े होकर अपनी देशभक्ति की भावना प्रकट की। चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में हुए समारोह में श्री बरड़िया ने समस्त व्यापारी जगत एवं प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दीं। साथ ही चैंबर की एकजुटता व व्यापारिक हितों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। अपने संदेश में उन्होंने देश के अमर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को नमन करते हुए राष्ट्र के विकास में व्यापारियों की अहम भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर चैंबर प्रदेश कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया, पूर्व अध्यक्ष जैन जितेंद्र बरलोटा, संरक्षक लालचंद गुलवानी, सलाहकार लखमशी पटेल, सरल मोदी, छगन लाल मूंदड़ा, मोहनलाल तेजवानी, गुरजीत सिंह संधु, विनोद तलरेजा, वाइस चेयरमैन चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, विनय बजाज, कार्यालय प्रभारी एवं उपाध्यक्ष दिलीप इसरानी समेत बड़ी संख्या में चैंबर सदस्य उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में बूथ संगठनों की जमीनी हकीकत देखेगी एआईसीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत सभी विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए बूथ, ग्राम और वार्ड समितियों का गठन किया गया है। सभी जगहों पर बूथ कमेटी की सूची सही है या नहीं, इसकी जांच एआईसीसी द्वारा कराई जा रही है। नेशनल कनेक्ट सेंटर के माध्यम से प्रदेश संगठन से मिली जानकारी की जांच की जाएगी। जरूरत पड़ने पर बूथ, वार्ड और ग्राम समितियों का भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा। सितंबर माह में यह प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है।

- कमेटियों के पदाधिकारियों की सक्रियता और भौतिक सत्यापन भी कराया जाएगा

कांग्रेस ने वर्ष 2026 को संगठन सृजन वर्ष घोषित किया है। सभी राज्यों में निचले स्तर तक संगठन को मजबूत करने का अभियान चलाया जा रहा है। पीसीसी का दावा है कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ, वार्ड और ग्राम समितियों को गठन किया जा चुका है। राष्ट्रीय नेतृत्व को इसका डाटा भी सौंपा जा चुका है। बताया जा रहा है कि इन कमेटियों में करीब 30 प्रतिशत में सुधार किया जाना बाकी है। राष्ट्रीय नेतृत्व उपलब्ध सूची की वास्तविकता जांचना चाहता है। यह देखा जाएगा कि सूची में दर्ज पदाधिकारी संबंधित क्षेत्र में मौजूद हैं या नहीं। वे अपने क्षेत्रों में सक्रिय है कि नहीं।

पुरानी शिकायतों से लिया सबक

बताया गया है कि पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान कई क्षेत्रों में बूथ और अन्य कमेटियों को गठन किया गया था। इन कमेटियों में शामिल कई कार्यकर्ता चुनाव के समय वहां नहीं मिले। इनमें से अधिकांश छोड़कर जा चुके थे। कई जगहों पर पदाधिकारियों की सक्रियता की पुष्टि नहीं हो पाई। सभी मामलों की ऊपर तक शिकायत पहुंची।

सितंबर में शुरू होगी जांच प्रक्रिया

हरिभूमि खास

बताया गया है कि एआईसीसी सभी राज्यों से सूची ले रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपनी सूची भेज दी है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी कमेटियों का गठन किए जाने की सूची जारी की गई थी। यह माना जा रहा है कि सूची को रेंडम चेक करने के बाद एआईसीसी इसका वेरिफिकेशन भी कराएगी। यह प्रक्रिया अगले माह सितंबर से ही शुरू हो पाएगी।

भाजपा ने कहा- 'वंदेमातरम' अपमान पर दर्ज हो एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पाण्डेय ने कांग्रेस मुख्यालय में राष्ट्रगीत 'वंदेमातरम' के प्रति अनादर प्रदर्शित करने पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर तीखा हमला बोलते हुए इसे देश की संप्रभुता, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और राष्ट्र के गौरव का खुला अपमान करार देते हुए तीनों नेताओं के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। श्री पाण्डेय ने कहा, जिस 'वंदेमातरम' के उद्घोष ने देश के स्वाधीनता आंदोलन को ऊर्जा दी और जिसके लिए लाखों वीरों ने हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी, उसी राष्ट्रगीत का अपमान कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय में उसके शीर्ष नेताओं द्वारा ही होना अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है। यह कृत्य साबित करता है कि गांधी परिवार और कांग्रेस नेतृत्व के मन में भारत के राष्ट्रीय प्रतीकों और संविधान के प्रति रत्तीभर भी सम्मान नहीं है। श्री पाण्डेय ने कहा, कांग्रेस का इतिहास हमेशा से राष्ट्र प्रतीकों की उपेक्षा और संकीर्ण वोट बैंक की राजनीति का रहा है। गांधी परिवार और मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक विशेष वर्ग को साधने और तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पार करते हुए राष्ट्रगीत की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। जो पार्टी राष्ट्रगीत का सम्मान नहीं कर सकती, वह राष्ट्रहित की बात करने का नैतिक अधिकार पूरी तरह खो चुकी है।

वंदेमातरम का अपमान नहीं सहेंगे, माफी मांगें राहुल-सोनिया और खड़गे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा रायपुर शहर के जिला अध्यक्ष अर्पित सूर्यवंशी के नेतृत्व में भारत माता चौक शंकर नगर से कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन शंकर नगर तक मशाल रैली निकालकर कार्यालय के समीप वंदेमातरम का सामूहिक गायन किया गया। अर्पित सूर्यवंशी ने कहा, मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को माफी मांगनी होगी, जब तक नहीं मांगेंगे, तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने बताया, राहुल गांधी, सोनिया गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा वंदेमातरम राष्ट्रीय गीत का अपमान किया गया। यह पूरे देश का अपमान है। उन्होंने कहा, स्वतंत्रता दिवस के दिन वंदेमातरम गीत जब चल रहा था, तब राहुल गांधी कहते हैं कि यह हमारे यहां नहीं बजाया जाता है। मैं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से कहना चाहता हूं, यह वंदेमातरम हम सब देशवासियों के लिए बहुत महत्व रखता है। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का अंश है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा, चाहते तो पुतला दहन भी कर सकते थे, पर इन कांग्रेसियों को बताना है कि वंदेमातरम राष्ट्रीय गीत की क्या अहमियत है। राष्ट्रीय गीत हो या देश का कोई मुद्दा, अगर देश का अपमान होगा तो भाजपा को हमेशा देश के सम्मान में खड़ी रहेगी।

ये रहे मौजूदः इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, भाजयुमो प्रदेशमंत्री विशाल पांडेय, अंकित द्विवेदी, पार्षद राजेश गुप्ता, देवदत्त द्विवेदी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अर्पित सूर्यवंशी, महामंत्री राज गायकवाड़, शंकर साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष अखिलेश कश्यप, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष पंकज जगत, किसान मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह, विशाल शुक्ला, राहुल यादव, अन्वेष पांडेय, मंत्री सत्यम पांडेय, वैभव शर्मा, श्लोक शर्मा, सुरेंद्र साहू, शुभम पुराणिक, सह कोषाध्यक्ष भूपेंद्र साहू, धर्मेश वर्मा, कार्यालय मंत्री शुभ्रतो हलदर, भरत कुंडे, नीलेश पटवा, सह सोशल मीडिया अभिषेक मिश्रा, आर्यन शुक्ला, प्रतीक देवांगन, मंडल अध्यक्ष पीयूष ठाकुर, विकास गुप्ता, कन्हैया बाग, अजय देवांगन, कृष्णा साहू, वासु ठाकुर, नवीन वर्मा, रोहित निहाल, नागेश साहू, शुभम लवी ठाकुर, महामंत्री आयुष धनगर, आर्यांश मिश्रा, देव यादव, प्रशांत जगत, लवी शर्मा, राहुल सोनवानी, हरीश रात्रे समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने कहा- वंदेमातरम भाजपा की राजनीतिक मजबूरी

रायपुर। राष्ट्रगीत वंदेमातरम को लेकर भाजपा पर राजनीतिक प्रोपेगेंडा करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, कांग्रेस को वंदेमातरम के सम्मान और गायन के लिए भाजपा से सीख लेने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस आजादी की लड़ाई के समय से ही वंदेमातरम का गायन जनजागरण के हथियार के रूप में करती रही है।

उन्होंने कहा, आजादी की लड़ाई के दौरान कांग्रेस द्वारा वंदेमातरम का गायन किए जाने का विरोध भाजपा के पितृ संगठनों द्वारा किया जाता था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा के छोटे-बड़े नेता खुद को बड़ा देशभक्त साबित करने के लिए वंदेमातरम को लेकर बयान दे रहे हैं, लेकिन यह केवल दिखावा है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की प्रत्येक बैठक की शुरुआत वंदेमातरम के गायन से करने की परंपरा है।

स्पष्टीकरण देने की मांगः उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा, यदि आरएसएस की किसी एक बैठक या कार्यक्रम में वंदेमातरम का गायन हुआ हो तो उसका वीडियो सार्वजनिक किया जाए। भाजपा अपने कार्यालय में हुए किसी ऐसे कार्यक्रम का वीडियो भी जारी कर सकती है, जिसमें वंदेमातरम का सामूहिक गायन हुआ हो। श्री शुक्ला ने सवाल उठाया कि जिस राष्ट्रगीत का भाजपा और उसके वैचारिक संगठन पहले विरोध करते रहे, आज उसी पर कार्यक्रम आयोजित करना राजनीतिक मजबूरी है या राजनीतिक पाखंड? उन्होंने भाजपा से अपने पुराने रुख और वर्तमान राजनीतिक गतिविधियों को लेकर स्पष्टीकरण देने की मांग की।

खबर संक्षेप

रानी अवंती बाई जयंती पर किया पौधारोपण

आरंग। रविवार को नगर के स्वयंसेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती के अवसर पर स्टेशन रोड किनारे बड़ा पीपल लगाकर हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान नगर को सुंदर, हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। पौधारोपण में प्रमुख रूप से प्रकृति प्रेमी एवं छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रकृति है तो हम हैं। इसलिए हम सबको मिलकर प्रकृति का श्रृंगार करना चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। वहीं संस्था के सदस्यों ने रानी अवंती बाई के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर समाज सेवा और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया।

पेट्रोल पंप संचालक के भाई के साथ मारपीट

आरंग। आरंग थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-53 पर स्थित युवराज फिलिंग स्टेशन में संचालक के भाई के साथ गाली-गलौज, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरंग थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। शिकायतकर्ता भीमसेन सोनवानी (पिता स्व. अर्जुन सोनवानी) ने बताया कि वे युवराज फिलिंग स्टेशन के प्रोपराइटर युवराज सिंह सोनवानी के भाई हैं। दोपहर करीब 2:00 बजे जब वे पेट्रोल पंप पर मौजूद थे, तभी हेमू सोनवानी द्वारा कथित रूप से बुलाए गए। कुछ असामाजिक तत्वों ने वहां पहुंचकर विवाद शुरू कर दिया। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने गुंडागर्दी की और जातिगत अपशब्दों का प्रयोग करते हुए, दोबारा पेट्रोल पंप पर दिखने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। आरोपियों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई करने तथा सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

शास्त्री चौक पर पार्षदों ने किया ध्वजारोहण

आरंग। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर नगर पालिका आरंग के वार्ड क्र. 6 एवं 14 के शास्त्री चौक में संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन वार्डवासियों एवं मोहल्लेवासियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दोनों वार्डों के पार्षद खुशबू राकेश शर्मा, शरद गुप्ता ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पार्षदों ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को याद किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को सदैव स्मरण करते हुए देशहित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद आरंग के नवनियुक्त एल्डरमैन सतीश सोनकर, खूबचंद देवांगन, रामाधार धीवर, बबला यादव, सुशील साहू, चंदन मानिकपुरी, सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

समारोह में प्रतिभाओं और मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

स्वतंत्रता दिवस पर शान से लहराया तिरंगा, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संपूर्ण धरसींवा अंचल में देशभक्ति का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। विधायक कार्यालय 'सेवा सदन' में विधायक अनुज शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इसी क्रम में ग्राम पंचायत धरसींवा में साहिल खान, दाऊ पोषण लाल स्कूल परसतराई में अध्यक्ष हेमंत वर्मा, ग्राम पंचायत चरौदा में सरपंच श्रीमती संगीता ध्रुव, ग्राम पंचायत सिलतरा में सरपंच श्रीमती शांति राम कुमार वर्मा, शिवांश इंटरनेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल कुंरा में सुश्री हिमांशी शर्मा तथा ग्राम पंचायत मांढर में श्रीमती कुमारी आडिल ने गरिमामय माहौल में ध्वजारोहण किया।

शारडा एनर्जी ने देशभक्ति और प्रतिभा सम्मान किया

रायपुर स्थित मेसर्स शारडा एनर्जी एंड मिनिरल्स लिमिटेड के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह अत्यंत भव्यता से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्पंज आयरन विभाग के सबसे वरिष्ठ कर्मचारी यशवंत कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जिसके बाद उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी और राष्ट्रगान गाया।

इस अवसर पर संयंत्र प्रमुख मनोज शाह, मानव संसाधन प्रमुख विवेक चौधरी, पावर प्लांट प्रमुख बी. के. तिवारी, फेरो प्रमुख प्रमोद पाणिग्रही, सेफ्टी प्रमुख अमित मिश्रा, सिविल प्रमुख पी. जाधवन, महाप्रबंधक (पेलेट) अनुराग दीवान तथा सिक्युरिटी प्रमुख समरेंद्र सिंह मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुरेन्द्र लांजेवार ने किया।

छात्रों की प्रस्तुतियां रहीं मनमोहक

समारोह में उच्चतर माध्यमिक शाला सिलतरा के विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में देशभक्ति और छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कंपनी प्रबंधन द्वारा सामाजिक सरोकार निभाते हुए ठेका कामगारों के मेधावी बच्चों और अंचल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पोलैंड में अंतरिक्ष तकनीकी कार्यक्रम में भाग लेकर लौटे लुमेश साहू और उनके पिता का विशेष अभिनंदन किया गया। साथ ही, क्षेत्र की टॉपर छात्रा हेमलता साहू की आगे पढ़ाई के लिए शारडा एनर्जी परिवार ने छात्रवृत्ति देने का घोषणा की। प्राथमिक शाला मांढर की शिक्षिका श्रीमती हीरामणी वर्मा के पुत्र खिलेश वर्मा, उनके भाई लोकेश वर्मा तथा उनके साथ ही हरिभूमि संवाददाता हेमंत वर्मा को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

स्वतंत्रता दिवस पर सजी विज्ञान प्रदर्शनी

आरंग। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गनौद में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनोज यादव ने ध्वजारोहण किया। छात्राओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट कर तिरंगे को सम्मान दिया। मंचीय कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण और कविता सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि मनोज यादव ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और देशप्रेम की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। एसएमसी सदस्यों ने आगामी सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति, बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन और टॉप करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करने की घोषणा की। इस सत्र में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय में विज्ञान एवं टीएलएम प्रदर्शनी भी लगाई गई। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयार किए गए विभिन्न मॉडल प्रदर्शित किए। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता देखने को मिली।

स्वतंत्रता दिवस पर गूंजे देशभक्ति के नारे

आरंग। ग्राम रसनी में स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व साहू समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम, हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के सामाजिक भवन परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में सामाजिक बंधु, मातृशक्ति और युवा वर्ग एवं नवीन प्राथमिक स्कूल के बच्चे एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए रसनी साहू समाज के मुख्य सलाहकार हेम नारायण साहू ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर सामाजिक एकजुटता और राष्ट्रप्रेम की अनूठी मिसाल देखने को मिली। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों द्वारा भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात साहू समाज के अध्यक्ष कली राम साहू द्वारा ससम्मान ध्वजारोहण किया गया और सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। देशभक्ति के गगनभेदी नारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को नमन किया। उन्होंने समाज में शिक्षा के प्रसार, एकता, आपसी सद्भाव और राष्ट्र निर्माण में साहू समाज की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया। इस दौरान बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया।

तरपोंगी अंचल में स्वतंत्रता दिवस मनाया प्रभातफेरी और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

तरपोंगी। अंचल में 80वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति के नारों के साथ प्रभातफेरी निकाली। विभिन्न विद्यालयों व संस्थानों में राष्ट्रगान के बाद देशभक्ति गीत, कविता, भाषण और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर मिष्ठान वितरण किया गया। ग्राम सगुनी में युवा संघ द्वारा आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सरपंच रजत कश्यप, उपसरपंच ज्ञानदास मानिकपुरी, सेवानिवृत शिक्षक तेजराम वर्मा पंच रामेश्वर साहू, पंच प्रतिनिधि सीताराम साहू, पंच टेकराम यदु, रामेश्वर विश्वकर्मा, संजय कुमार वर्मा, तुलसीराम वर्मा, नंदकुमार सेन, डॉ. जीवन साहू, सेवाराम वर्मा, बलदाऊ वर्मा, भक्त प्रहलाद निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। सगुनी ग्राम पंचायत में रजत कश्यप, खैरखूंट सोसायटी में रोमलाल साहू, ग्राम पंचायत व सरस्वती कान्वेंट विद्या मंदिर में सरपंच यशोदा साहू, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ आशीष ने ध्वजारोहण किया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा तरपोंगी में शिव हनुमंता, सोसायटी में डॉ शोभित वर्मा, आयुर्वेदिक अस्पताल व प्राथमिक शाला में सरपंच देवकी सावन नायक, सद्दू ग्राम पंचायत भवन में सरपंच नंदकुमार साहू, नवीन प्राथमिक शाला में उप सरपंच ताकेश्वर निर्मलकर, भूमिया मिडिल स्कूल में सरपंच मोहित यदु, सुंगेरा ग्राम पंचायत में सरपंच तारण दास साहू, सांकरा मिडिल स्कूल में सरपंच पूर्णिमा एवन पाटिल, मोहदा ग्राम पंचायत में सरपंच रेखा प्रहलाद,इसके अलावा क्षेत्र के ग्राम बेमता, लखना, बलौदीखुर्द, गुजरा, सिलपट्टी, भुरसुदा, परसदा, सरोरा, निनवा, किरना, अकोली एवं देवरी आदि गांवों में भी गरिमामय माहौल में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व मनाया गया।

कल्पवृक्ष विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही

आरंग। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर काल्पवृक्ष पब्लिक स्कूल आरंग में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को तिरंगे के रंगों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह से ही विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार में उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिला। समारोह की मुख्य अतिथि सीए गीतिका साहू रहीं। अध्यक्षता आशुतोष अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार तिवारी, विद्यालय के अध्यक्ष यशवंत प्रकाश गोयल, शिक्षकगण, विद्यार्थी, अभिभावक एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रध्वज फहराने के साथ हुआ। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण एवं विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। मुख्य अतिथि सीए गीतिका साहू ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता अनेक वीरों के त्याग, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। अध्यक्ष आशुतोष

अग्रवाल ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, ईमानदारी, मेहनत, संस्कार एवं राष्ट्रप्रेम को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार तिवारी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष यशवंत प्रकाश गोयल ने मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष, सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्कूल विगत एक वर्ष से शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अपने उद्देश्य की ओर आगे बढ़ रहा है। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभिभावकों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार के प्रयासों की प्रशंसा की।

चरौदा मुक्तेश्वर मंदिर के सहस्त्रधारा महारुद्राभिषेक में उमड़े श्रद्धालु

धरसींवा। सावन के पवित्र महीने के पावन अवसर पर ग्राम चरौदा स्थित ऐतिहासिक मुक्तेश्वर शिव मंदिर में 'सहस्त्र जलधारा महारुद्राभिषेक' का भव्य और सफल आयोजन किया गया। शनिवार, 15 अगस्त को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस पांच घंटे के धार्मिक अनुष्ठान में चरौदा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। अनुष्ठान के दौरान बनारस और रायपुर से आए विद्वान एवं अनुभवी पंडितों के समूह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विस्तृत रुद्राभिषेक पूजा संपन्न कराई गई। स्थानीय युवाओं और श्रद्धालुओं ने पूर्ण विधि-विधान से एक हजार सूक्ष्म छिद्रों वाले विशेष

इनकी रही उपस्तिथि

डगेश्वर साहू,हेमन्त साहू,राजकुमार ब्यास,नरेंद्र साहू,लेखु साहू, महेंद्र शर्मा, दुष्यंत साहू,राजू साहू , प्रवीण वर्मा ,रोहित साहू,नूतन साहू ,अशोक राव सहित सैकड़ों भक्त उपस्तिथ थे।

पात्र (सहस्त्रधारा) के माध्यम से शिवलिंग पर अनवरत जलधारा अर्पित की। मान्यता है कि सहस्त्रधारा से अभिषेक करने पर महादेव शीघ्र प्रसन्न होकर संपूर्ण क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि का वरदान देते हैं। जल के साथ दूध, गंगाजल तथा अन्य पवित्र द्रव्यों से भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया।

सुबह से ही मुक्तेश्वर मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव', 'जय भोलेनाथ' और 'ॐ नमः शिवाय' के पावन जयकारों से गुंजायमान रहा। आयोजन समिति के सदस्य महेंद्र शर्मा ने बताया कि यह पावन आयोजन पिछले तीन वर्षों से लगातार सफलता के साथ आयोजित किया जा रहा है। सावन मास में भगवान शिव की भक्ति का विशेष महत्व होता है और यह धार्मिक कार्यक्रम क्षेत्रवासियों की अटूट श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की सुख-समृद्धि, जन-कल्याण और उत्तम स्वास्थ्य की कामना को लेकर इस अनुष्ठान को प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

भारी मात्रा में स्क्रैप, स्पंज, कॉइल और 4 बड़े मालवाहक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा में अवैध गतिविधियों और संदिग्ध माल के परिवहन पर नकेल कसते हुए रायपुर ग्रामीण पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के कड़े निर्देशों के बाद एक्शन मोड में आई सिलतरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर धनेली नाला के पास घेराबंदी कर भारी मात्रा में अवैध रूप से छुपाकर रखे गए स्क्रैप, स्पंज, कॉइल और 4 बड़े मालवाहक वाहनों को जब्त किया है। इस पूरी कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।पुलिस से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, रिंग रोड नंबर-03 स्थित धनेली नाला के पास एक बड़ी बाउंड्री के पीछे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। गुप्त खबर में बताया गया था कि बाउंड्री की आड़ में

पुलिस की अचानक रेड से अफरा-तफरी मची, कारोबारी सकते में

मालवाहक वाहनों में भारी मात्रा में स्पंज, कॉइल और स्क्रैप छुपाकर रखा गया है। सूचना मिलते ही सिलतरा पुलिस की विशेष टीम ने बिना समय गंवाए मौके पर दबिश दी। पुलिस की अचानक हुई इस रेड से वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर पुलिस टीम ने जांच पड़ताल की तो वहां अवैध माल से लदे चार बड़े वाहन खड़े मिले। घटनास्थल पर हर्षित विहार कॉलोनी, उरकुरा निवासी 42 वर्षीय उमेश साव और ग्राम धनेली निवासी 20 वर्षीय अमन कुमार मौजूद मिले। पुलिस ने तुरंत दोनों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से एक हाइड्रा वाहन, लगभग 700 क्विंटल स्पंज लदी एक पिकअप, करीब डेढ़ टन स्क्रैप से भरा टाटा मालवाहक और लगभग 1 टन कॉइल लोड किया हुआ एक हाइवा वाहन जब्त किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जब्त किए गए माल और वाहनों के मालिकाना हक, वैध दस्तावेजों तथा माल के स्रोत को लेकर गहन पूछताछ और जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे कड़े कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक झा के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक माना श्री लम्बोदर पटेल के मार्गदर्शन में सिलतरा थाना प्रभारी राजेंद्र कंवर की टीम द्वारा सफलतापूर्वक पूरी की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि औद्योगिक क्षेत्रों और आसपास के इलाकों में अवैध परिवहन, चोरी के माल की आवाजाही और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है तथा आने वाले दिनों में यह अभियान और तेजी से जारी रहेगा।

स्वतंत्रता दिवस पर सेंध लेक में युवकों की मनमानी पर पुलिस कार्रवाई

बाइक स्टंटबाजी पर पुलिस कार्रवाई, 36 वाहन जब्त और 59 का चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास स्थित सेंध लेक पर स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने पहुंचे मनचलों को खतरनाक स्टंटबाजी और यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाना भारी पड़ गया। छुट्टियों और विशेष अवसरों पर लेक किनारे जुटने वाले हुड़दंगियों की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मंदिर हसौद पुलिस ने 15 अगस्त को अचानक घेराबंदी कर दी। खाकी का सख्त रुख देखते ही मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। पुलिस ने सड़क पर तांडव मचा रहे तीन दर्जन से अधिक दोपहिया वाहनों को मौके पर ही जब्त कर लिया, जबकि नो-पार्किंग में गाड़ियां खड़ी करने वाले 59 वाहन चालकों का ई-चालान काटा। दरअसल सेंध लेक के आसपास का इलाका युवाओं के लिए स्टंटबाजी का अड्डा बनता जा रहा था। स्वतंत्रता दिवस पर किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर मंदिर हसौद पुलिस ने लेक और स्टेडियम पहुंच मार्ग पर मजबूत घेराबंदी की। जांच के दौरान कई युवक जान जोखिम में डालकर तेज रफ्तार में बाइक से खतरनाक करतब दिखाते मिले, तो कई दोपहिया वाहनों पर तीन-तीन सवारी बैठाकर फर्राटा भर रहे थे। पुलिस ने ऐसे सभी सिरफिरे चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की। कार्यवाही की जद में कई नाबालिग भी आए, जो फर्राटेदार गाड़ियां दौड़ा रहे थे।सार्वजनिक स्थलों पर स्टंटबाजी और हुड़दंग को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पुलिस का यह विशेष चेकिंग अभियान आगे भी इसी तरह पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

पालकों को थाने पर किया तलब

पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उनके पालकों को तत्काल थाने तलब किया और कड़ी समझाइश दी। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को स्पष्ट चेतावनी दी कि कम उम्र के बच्चों को वाहन देना सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है, जो न केवल बच्चों बल्कि आम राहगीरों की जान के लिए भी बड़ा खतरा है। इसके साथ ही मौके पर मौजूद वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने और तय सीमा में ही सवारी बैठाने की सख्त हिदायत दी गई। मंदिर हसौद निरीक्षक आशीष यादव ने बताया कि सेंध लेक और आसपास के क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह कार्रवाई की गई है।

पार्षद दीक्षा राठी की अगुवाई में निकाली भव्य कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

- सारखेश्वर नाथ मंदिर में शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

पवित्र सावन माह के अवसर पर नगर पालिका परिषद के वार्ड 14 की पार्षद एवं पीआईसी सदस्य श्रीमती दीक्षा योगेश राठी के सहयोग से भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा अभनपुर रेलवे स्टेशन स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर करीब 8 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 8वीं शताब्दी के प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री सारखेश्वर नाथ शिव मंदिर, सारखी पहुंची।

कांवड़ यात्रा में वार्ड 14 सहित नगर के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। डीजे की भक्तिमय धुनों के बीच श्रद्धालु भगवान शिव के

जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में शिवभक्ति और आस्था का माहौल बना रहा। सारखी पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने प्राचीन मंदिर में स्थित स्वयंभू शिवलिंग पर पवित्र जल अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का दर्शन एवं पूजन किया। इस दौरान क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए मंदिर समिति द्वारा पार्षद श्रीमती दीक्षा योगेश राठी के सहयोग से भोजन-प्रसादी की विशेष व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर श्रीमती दीक्षा योगेश राठी ने कहा कि सावन माह में भगवान शिव की आराधना और कांवड़ यात्रा आस्था, श्रद्धा एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने यात्रा को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों, मंदिर समिति, कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

यशिका ने सुरेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना

रायपुर। सुरेश्वर महादेव चौक खम्हारडीह स्थित सुरेश्वर महादेवपीठ में डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद के सानिध्य में अखिल अग्रवाल की पुत्री यशिका अग्रवाल ने रविवार को बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना प्रातःकालीन 3.20 से 6 बजे तक प्रथम शिव पंचायत की पूजा कर बाबा भोलेनाथ को दूध, दही, शहद, घी, शक्कर, पंचामृत, चंदन, भस्म, इत्र, भांग, सर्वोषधि, गन्ना रस, फलों के रस से रुद्राष्टाध्यायी के पाठ द्वारा अभिषेक किया। इसके बाद बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार करके महाआरती की गई।

मेडिकल टीम पहुंची नई दिल्ली, अध्यक्ष किरण देव सिंह की मुलाकात

रायपुर। द्वारका 13 सेक्टर छत्तीसगढ़ निवास में जगदलपुर विधायक एवं छत्तीसगढ़ के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह से सौजन्य मुलाकात की। उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और ईश्वर से प्रार्थना की कि जल्दी स्वस्थ होकर अपने प्रदेश लौटकर कमान संभालें। प्रमुख रूप से मेडिकल टीम के सदस्य राजेंद्र साहू ने कहा, हमारे प्रदेश की भाजपा संगठन की शान हैं। मेडिकल टीम के अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, कोषाध्यक्ष अवधेश राजपूत, मनीष कश्यप, तिरिथ साहू उपस्थित थे।

जिधर से गुजरे काले बादल, वहां जमकर बरसे, शहर में खंडवर्षा के बने रहे हालात

रविवार दोपहर राजधानी रायपुर में खंडवर्षा के हालात बने रहे और शहर के आधे हिस्सा में घंटेभर झमाझम पानी बरसा। दोपहर बाद काले बादल शहर के जिस इलाके से गुजरे, वहां जमकर बारिश हुई और शेष इलाकों में पानी का असर बेहद कमजोर रहा। इधर मानसून को अगले तीन दिन तक सक्रिय करने वाला नया सिस्टम बनकर तैयार हो गया है। इस बार बारिश का प्रभाव बस्तर के कुछ क्षेत्रों में भी रहेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुराने सिस्टम के पूरी तरह गुजरने से पहले प्रदेश में बारिश कराने वाला नया सिस्टम तैयार हो गया है। इसके असर से अगले तीन दिन तक कई इलाकों में जमकर पानी बरसने की संभावना है। अनुमान है कि इस सिस्टम के साथ एक द्रोणिका के सरगुजा तक पहुंचने के कारण बारिश का असर बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग के कुछ जिलों में रह सकता है। शनि-मंगलवार की रात रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में बारिश हुई। रविवार की सुबह भी बादल छाए रहने के कारण अधिकतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस, जो सामान्य से 3.6 डिग्री कम रिकार्ड किया गया।

रविवार को दोपहर शहर में खंडवर्षा जैसे हालात बने रहे। शास्त्री चौक से टिकरापारा तक जमकर बारिश हुई, वहीं इससे आगे असर कम होता चला गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अभी प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बादल छाए हुए हैं। जिन इलाकों से बारिश वाले मेघ एकत्रित होकर गुजरे, वहां जमकर वर्षा हो गई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अभी एक चिन्हित निम्नदाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे तटीय पश्चिम बंगाल और उत्तर तटीय ओडिशा के ऊपर मौजूद है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके अगले 24 घंटे में उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुआ और अधिक प्रबल अवदाब के रूप में परिवर्तित होने के आसार हैं।

इसी तरह मानसून द्रोणिका माध्य समुद्रतल पर अमृतसर, चंडीगढ़, देहरादून, बरेली, सुल्तानपुर, डाल्टनगंज, जमशेदपुर, निम्नदाब के केंद्र होते हुए उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक उपस्थित है। इसके असर से राज्य के अनेक स्थानों में बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

आधा हिस्से में जमकर बारिश, आधे में केवल बूंदाबांदी



रायपुर में 334 मिमी. वर्षा, अब तक 113 हो चुकी

मौसम विभाग के आंकड़ों की मानें तो रायपुर जिले में अगस्त के महीने में औसत 334 मिमी. बारिश होती है। इस बार अगस्त के पहले पखवाड़े में 113 मिमी. बारिश हो चुकी है, यानी शेष दिनों में 221 मिमी. बरसात की जरूरत और है। हालांकि सीजनल बारिश के हिसाब से जिले में 677 की तुलना में 738 मिमी. पानी बरस चुका है। यहां सीजनल औसत बारिश 1100 मिमी. के आसपास होती है।

नया सिस्टम
तीन दिन मानसून के सक्रिय रहने के आसार

पिछले दस साल में वर्षा

शहर	कम	ज्यादा वर्षा
रायपुर	44 (2025)	184 (2019)
बिलासपुर	31 (2025)	154 (2019)
पेंड्रा	60 (2016)	94 (2017)
जगदलपुर	28 (2021)	179 (2019)
अंबिकापुर	44 (2017)	126 (2016)

पचपेड़ी नाका से भाठागांव तक नई बायपास सड़क का होगा निर्माण

ट्रैफिक का दबाव कम करने केनाल रोड-2 सर्वे हुआ पूरा, लेकिन कब बनेगा तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पचपेड़ीनाका से संतोषी नगर-भाठागांव के बीच बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए शासन ने साढ़े चार किलोमीटर नए केनाल रोड निर्माण की स्वीकृति दी है। सड़क निर्माण में अनुमानित लागत 20 करोड़ रुपए आएगी। सड़क निर्माण के पहले नगर निगम तथा राजस्व विभाग को एक सर्वे रिपोर्ट तैयार करनी थी। बताया जा रहा है कि राजस्व विभाग तथा नगर निगम ने सर्वे रिपोर्ट तैयार कर शासन के पास भेज दी है।

साढ़े चार किलोमीटर लंबी सड़क की चौड़ाई 60 फीट रहेगी। सर्वे के बाद से जरूरी टेंडर प्रक्रिया अब तक नहीं हो पाई है। ऐसे में सड़क निर्माण के लिए कब टेंडर जारी होगा, टेंडर जारी होने के बाद कब वर्कआर्डर जारी होगा, इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। वर्कआर्डर जारी होने के बाद सड़क निर्माण में कम से कम तीन साल का समय लग सकता है। नए केनाल रोड का निर्माण मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत किया जाना है।

कनेक्टिविटी बढ़ने के साथ ट्रैफिक दबाव कम होगा

नया केनाल रोड पुराना धमतरी रोड से भाठागांव तक एक मजबूत कनेक्टिविटी देगा, बल्कि शहर के सबसे व्यस्त रूट में शामिल रिंगरोड पर ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम होगा। नई बायपास सड़क के निर्माण में अतिक्रमण हटाना एक प्रमुख चुनौती है। इस संबंध में 165 लोगों को नोटिस भेजा गया था।

दो लाख की आबादी को मिलेगी राहत

नए केनाल रोड के निर्माण होने से दो लाख से ज्यादा की आबादी को राहत मिलेगी। साथ ही पचपेड़ीनाका से भाठागांव तक ट्रैफिक का दबाव 50 प्रतिशत तक कम हो जाएगा। नई सड़क के निर्माण होने से संतोषीनगर, रावतपुरा सिटी, चौरसिया कालोनी, भैरव सोसाइटी सहित 40 से अधिक कालोनी के लोगों को राहत मिलेगी। अभी इन क्षेत्रों के रहवासी रिंग रोड पर निर्भर हैं। इसके अलावा पुराना धमतरी रोड जाने के लिए कुशालपुर, प्रोफेसर कालोनी, भाठागांव वॉलफोर्ट सिटी व आसपास के इलाकों के रहवासियों को नई सड़क बनने से राहत मिलेगी।

ऐसा है प्रोजेक्ट

केनाल रोड 2.0 कलर्स मॉल के पीछे से शुरू कर भाठागांव मार्ग तक विकसित किया जाएगा। यह सड़क एनएच-53 के समानांतर बनेगी, जिससे शहर के भीतर एक वैकल्पिक और तेज कनेक्टिविटी मार्ग तैयार होगा। पुराना धमतरी रोड से भाठागांव को जोड़ने में यह सड़क अहम भूमिका निभाएगी।

अभी हालत ऐसी

अम्लेश्वर से लेकर रायपुरा के बीच दो दर्जन के करीब कॉलोनियां हैं। रायपुर आवाजाही करने सभी रायपुरा मार्ग का उपयोग करते हैं। इस मार्ग पर एक लाख से ज्यादा गाड़ियों का दबाव है। इस कारण इस पूरे मार्ग पर कार्यालयीन समय में ट्रैफिक का दबाव रहता है। सावन तथा अन्य पर्व के मौके पर भाठागांव, रायपुरा मार्ग में पैदल चलना दूभर है। वैकल्पिक मार्ग निर्माण के लिए ट्रैफिक पुलिस ने नगर निगम को पत्र लिखा है। बावजूद इसके वैकल्पिक मार्ग निर्माण के लिए अब तक कोई ठोस कार्य नहीं किए गए।

राष्ट्रपति भवन में चार राज्यों की लोकधुनों का संयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित 'एट होम' कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक कलाकार एवं संगीत नाटक अकादमी से सम्मानित राकेश तिवारी ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और गोवा के लोकवाद्यों का संयोजन कर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस बहुरंगी प्रस्तुति को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति, केंद्रीय मंत्रिमंडल के अनेक सदस्यों तथा विदेशी अतिथियों ने सराहा। संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के आयोजन में प्रस्तुति की शुरुआत छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वाद्यों मोहरी, गुदुम, दफड़ा और दमऊ की मंगल धुन के साथ हुई। इसके बाद महाराष्ट्र के संबल वाद्य से लोकधुन प्रस्तुत की गई। वहीं गोवा के घुमट तथा मध्यप्रदेश के मांदर और झांझ वाद्यों को शामिल करते हुए विभिन्न लोकधुनों का सुंदर संयोजन प्रस्तुत किया गया। चारों राज्यों के पारंपरिक लोकवाद्यों और धुनों के इस अनूठे संगम ने भारत की विविध लोक-सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। राकेश तिवारी द्वारा किए गए इस संयोजन ने अलग-अलग राज्यों की लोक परंपराओं को एक मंच पर जोड़ने का कार्य किया। कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति ने कलाकारों के साथ समूह चित्र भी खिंचवाया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से राकेश तिवारी के अलावा बालोद के राधे सिंह गंधर्व तथा नारायणपुर, रेमावंड के रामसिंह सलाम ने भी सहभागिता निभाई।

बिजनेस साइट

बोरियाखुर्द आवास योजना के हितग्राहियों को बकाया राशि जमा करने अंतिम अवसर

रायपुर। रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना, बोरियाखुर्द के बकायादार हितग्राहियों को राशि जमा करने का अंतिम अवसर दिया है। योजना के तहत करीब 16 वर्ष पूर्व निम्न

आय वर्ग के हितग्राहियों के लिए फ्लैट बनाए गए थे। किस्तों का नियमित भुगतान नहीं होने से वर्तमान में करीब 17 करोड़ रुपये की राशि बकाया है। हितग्राहियों की सुविधा को देखते हुए आरडीए ने बकाया राशि चार समान किस्तों में जमा करने की व्यवस्था की है। किस्तें अगस्त, सितंबर, अक्टूबर और नवंबर 2026 में जमा की जा सकेंगी। प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के बाद तय किया गया है कि प्रथम दो किस्तों का भुगतान करने वाले पात्र हितग्राहियों के सरचार्ज और बकाया राशि पर नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा। आरडीए अध्यक्ष नन्द कुमार साहू और उपाध्यक्ष डॉ. जे.पी. शर्मा ने हितग्राहियों की समस्याओं पर चर्चा की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने निर्धारित समय में भुगतान करने की अपील की है। समय पर भुगतान नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में 15 जरूरतमंद मरीजों की निशुल्क नेत्र सर्जरी

रायपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री गणेश विनायक फाउंडेशन ने सेवा और सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए 'अंधकार से आजादी' अभियान के तहत 15 जरूरतमंद मरीजों की निशुल्क नेत्र सर्जरी कराई। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित नेत्र सेवा अभियानों के दौरान मरीजों की पहचान कर आवश्यक

जांच के बाद उन्हें सर्जरी के लिए चयनित किया गया। श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल की विशेषज्ञ मेडिकल टीम ने सर्जरी और उपचार की जिम्मेदारी संभाली। डॉक्टरों, ऑप्टोमेट्रिस्ट, नर्सिंग तथा पैरामेडिकल स्टाफ ने मरीजों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराईं। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. चारुदत्त कलमकर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर जरूरतमंदों को दृष्टि का उपहार देना सेवा का सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति या दूरी किसी व्यक्ति की दृष्टि के उपचार में बाधा नहीं बननी चाहिए। फाउंडेशन 'दृष्टि दीप' कार्यक्रम के माध्यम से छत्तीसगढ़ में नेत्र जांच, उपचार और सर्जरी की सुविधा जरूरतमंदों तक पहुंचा रहा है।

रायपुर में 'सिल्क वीव्स एक्सपो' का भव्य शुभारंभ

रायपुर। सिविल लाइंस स्थित गुरु तेगबहादुर भवन में शुक्रवार को 'सिल्क वीव्स एक्सपो' के फेस्टिव एंड वेडिंग एडिशन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहरवासी, महिलाएं और फैशन प्रेमी मौजूद रहे। श्री जुनेजा ने कहा कि ऐसे आयोजन देश की समृद्ध हथकरघा परंपरा को व्यापक मंच देने के साथ बुनकरों और ग्राहकों के बीच सीधा संपर्क स्थापित करते हैं। उन्होंने आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। आयोजकों के अनुसार प्रदर्शनी 14 से 24 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 11 से रात 9 बजे तक चलेगी। प्रवेश और पार्किंग निशुल्क है। एक्सपो में बनारसी, कांजीवरम, कोसा, बेंगलुरु सिल्क, जामदानी और वेडिंग स्पेशल साड़ियों के साथ शॉल, स्टोल, लिनेन और अन्य हस्तनिर्मित उत्पाद उपलब्ध हैं।

स्वतंत्रता दिवस विनायका विहार में ध्वजारोहण समारोह

रायपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डीडीनगर स्थित विनायका विहार गार्डन में ध्वजारोहण समारोह

आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बसंत रहटगांवकर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर प्रो. चैन सिंह चौधरी, विजय पांडे, अजय अग्रवाल, अतुल तिवारी, दिनेश साहू एवं प्रोफेसर विशाल जैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद देशभक्ति का माहौल बना रहा। समारोह में प्रो. चैन सिंह चौधरी ने वंदेमातरम गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की।

देवभोग मुख्य संयंत्र में शान से लहराया तिरंगा, किसानों की समृद्धि का लिया संकल्प

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ के देवभोग मुख्य संयंत्र उरला में 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। महासंघ के प्रबंध संचालक ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर

पर अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रध्वज को सलामी देते हुए स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों को नमन किया। प्रबंध संचालक ने कहा कि स्वतंत्रता अधिकारों के साथ राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों का भी बोध कराती है। उन्होंने कर्मचारियों से निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने तथा सहकारिता के माध्यम से किसानों एवं दुग्ध उत्पादकों को सशक्त बनाने का आव्हान किया।

पेज 11 के शेष

इंस्टाग्राम पर दोस्ती, आशंका...

मिलकर पवन को शराब पीने न्योता दिया और उसके सिर पर भारी पत्थर से वार कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद लाश को एक पाइप के अंदर छिपाकर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

ज्वेलरी शॉप में धावा, 72 घंटे...

पीड़ित की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पतासाजी की। घटनास्थल का तकनीकी विश्लेषण करने के साथ-साथ क्षेत्र के लगे सीसीटीवी फूटेज खंगाले गए और हाल ही में जेल से छूटे पुराने नकबजनों का रिकॉर्ड खंगाला गया।

संदेही से पूछताछ के बाद खुलासा - जांच के दौरान पुलिस ने पुरानी बस्ती निवासी संदेही आकांक्षा सोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान महिला ने अपने अन्य साथी लोकेश राव उर्फ विकास, एम. मोहन राव उर्फ मोनी, मिराज आलम, उषा उर्फ सपना खुंटे के साथ मिलकर चोरी का अपराध कबूल किया। चोरी की योजना लोकेश राव उर्फ विकास और एम. मोहन राव उर्फ मोनी ने बनाई थी। दोनों ने दुकान की रेकी की और फिर लोकेश की पत्नी उषा, आकांक्षा तथा मिराज आलम को गिरोह में शामिल किया। घटना वाले दिन एम. मोहन राव और मिराज आलम दीवार तोड़कर दुकान के अंदर घुसे और जेवरात चुराए, जबकि लोकेश बाहर रहकर निगरानी कर रहा था। चोरी के बाद जेवरात आपस में बांट लिए गए थे। एम. मोहन राव दुर्ग जीआरपी में हत्या और चोरी के मामले में जेल जा चुका है। न्यायालय से उसे हत्या के मामले में 10 साल की सजा भी हो चुकी है। लोकेश एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में जेल जा चुका है।

'निष्ठा' के जरिए बढ़ाई जाएगी...

व प्रभावी बनाना है। निष्ठा पाठ्यक्रमों का पहला चरण अक्टूबर 2026 तक चलेगा। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से शिक्षकों, स्कूल प्रमुखों और शिक्षक प्रशिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों, बेहतर कक्षा प्रबंधन और प्रभावी शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके। द्वितीय श्रेणी के तहत निष्ठा एफएलएन और निष्ठा ईसीसी कोर्स उन शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों के लिए हैं, जो प्री-प्राइमरी से कक्षा 5 तक के बच्चों को पढ़ाते हैं। इन कोर्स में शामिल होने के लिए 31 अगस्त तक पंजीकरण करना होगा, जबकि कोर्स 15 सितंबर तक पूरा करना होगा। बोर्ड का मानना है कि इस प्रशिक्षण से शिक्षकों का कौशल बढ़ेगा और छात्रों को पढ़ाने की उनकी क्षमता बेहतर होगी।

कुंभकरण बने प्रदेश उपाध्यक्ष

रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के

प्रदेशाध्यक्ष हेमलाल साहू ने कुंभकरण साहू को महासभा का छग प्रदेश का उपाध्यक्ष बनाया है। उनकी नियुक्ति पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

// ईश्तहार //

पत्र क्रं /34304/ न.पा.नि./ जोन क्रं-05 /2026
रायपुर, दिनांक 13.08.2026

नामंतरण प्र.क्र. 34304
वार्ड का नाम 68 खूबचंद बघेल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 68 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567B00364 जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती ARCHANA JHA पिता/ पति श्री/श्रीमती SHARAD KUMAR JHA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती SAVITA PRAJAPATI पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SHAMBHU PRASAD PRAJAPATI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ Registry paper / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
"सूचना जारी करे"

श्री खीरसागर नायक
(जोन कमिश्नर),
जोन क्रं. 05
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अभनपुर
मामले की श्रेणीः राजस्व

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील- अभनपुर प.ह.न.- 00025 मोंहदी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक - CG-2026-27-057-1-1980

// ईश्तहार //

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00025 के अंतर्गत ग्राम मोंहदी के वर्तमान भूमिस्वामी गणेश राम साहू पिता/पति-पुनीत राम साहू पता-पोलिटेक्निक कॉलेज के पीछे रूद्री तहसील व जिला धमतरी छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 920/1 (0.2200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्यामाचरण साहू पिता/पति-पुनीत राम साहू पता-वार्ड न 50 छत्तीसगढ़ नगर रायपुर जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/08/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/07/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदारः-SITA SHUKLA
तहसील-अभनपुर

न्यायालय अति. तहसीलदार
रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक /........./ अ-19(5)/ 2025-26
रायपुर, दिनांक 04.08.2026
ग्राम- डूण्डा प.ह.नं.-72

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक झेरिया यादव समाज डूण्डा यादव भवन, राधाकृष्ण मंदिर के पास बाजार चौक डूण्डा रायपुर छ.ग., के द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम डूण्डा प.ह.नं. 72 रा. नि.म. रायपुर एक तह व जिला रायपुर में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 312/1 रकबा 7000 वर्गफुट भूमि सामाजिक भवन के लिए भूमि हेतु भू-आबंटन की मांग किया गया है।

अतएव उक्त भूमि का सशुल्क व्यवस्थापन आवेदक के पक्ष में किये जाने से जिस किसी को कोई आपत्ति हो वे स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 19/08/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। बाद मियाँद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अति. तहसीलदार,
रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

इंजीनियर भर्ती में पीएससी ने पूछा- मुंहासे का कारण, पहला एंटीबायोटिक, बेठिया प्रथा, 'पटपर कछार' मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोक सेवा आयोग ने रविवार को राज्य अभियांत्रिकी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया। परीक्षा में इंजीनियरिंग क्षेत्र संबंधित तकनीकी सवालों के अतिरिक्त पूछे गए अन्य सवाल सरल से औसत स्तर के रहे। इनमें से कई रोचक भी रहे। परीक्षा दो पालियों में सुबह 9 से 11:30 बजे तक एवं दोपहर में 2 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित की गई। इसके लिए रायपुर में 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा के प्रथम पाली में में 3598 परीक्षार्थी में से 2337 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि परीक्षा की द्वितीय पाली में 3598 परीक्षार्थी में से 2331 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। लिखित परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना होगा।

सामान्य रहे छग से जुड़े सवाल

छत्तीसगढ़ से संबंधित सवालों का स्तर सामान्य रहा। प्रदेश से जुड़े सवालों के अंतर्गत छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993, छत्तीसगढ़ में 'परंपरागत कृषि विकास योजना' का संचालन, स्कूल शिक्षा विभाग की निशुल्क गणवेश वितरण योजना, संत गहिरा गुरु, राज्य का सिंचित है क्षेत्र, महाकवि कालीदास की अमरकृति 'मेघदूत' के छत्तीसगढ़ी अनुवादक, मुख्यमंत्री आस्था पथ योजना का उद्देश्य, छत्तीसगढ़ राज्य की भूगर्भीय संरचना, औद्योगिक क्षेत्र में वर्ष 2025-26 में अनुमानित वृद्धि दर, राज्य का मातृ-मृत्यु अनुपात, सबसे अधिक वनाच्छादन जैसे सवाल शामिल रहे।

3598 ने किया था आवेदन, 2331 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के 46 पदों पर होगी भर्ती

इस तरह के सवाल

0 भारत में सर्वप्रथम सूती मिल बौरिया कॉटन मिल कम्पनी कब और कहां स्थापित हुई?
0 पेनिसिलिन नामक पहला एंटीबायोटिक कहां से निकाला गया था?
0 बेठिया प्रथा क्या है?
0 सवनाही क्या है?
0 'पटपर कछार' मिट्टी क्या है?
0 मुगलोत्तर काल में भारत में यादव वंश की शाखा कहां तक फैली हुई थी?
0 किस मुगल शासक ने कोचक तिब्बत पर विजय के लिये सेना भेजी?
0 किसकी सक्रियता बढ़ने से कील-मुहांसे हो जाते हैं?
0 पालघाट दर्रा भारत की किस पर्वत श्रेणी में स्थित है?
0 भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग में शीत ऋतु में वर्षा किससे होती है?
0 स्किल इंडिया का प्रमुख उद्देश्य क्या है?
0 फुटबॉल में गोल लाइन से पेनाल्टी मार्क स्पॉट की दूरी कितनी होती है?
0 भारत में रक्षा उद्योग में सरकारी मार्ग द्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति की सीमा वर्तमान में कितनी है?
0 मेमोयर्स ऑफ माई लाइफ के लेखक कौन हैं?
0 राष्ट्रगान 'जन गण मन' और राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' की प्रस्तुति एवं गायन के लिए गृह मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल।
0 एशियाई खेल 2026 किस देश में आयोजित होंगे?
0 काशी नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना कब हुई?
0 सर्वोच्च न्यायालय ने उभयलिंगी को किस वर्ष अलग पहचान देते हुए आरक्षण देने का निर्देष दिया था?
0 रणजीत गुहा इतिहास लेखन के किस विद्या के प्रतिपादक हैं?
0 किस वर्ष में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदलकर मेजर ध्यानचन्द खेल रत्न पुरस्कार किया गया?
0 पर्यावरण को सीमित वहन क्षमता वाला क्यों कहा जाता है?
0 प्रणामी सम्प्रदाय किस सम्प्रदाय से सम्बन्धित है?
0 नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) की स्थापन किस वर्ष में हुई थी?

खबर संक्षेप

सावन पर्व पर बोलबम श्रद्धालुओं के लिए महाभंडारा

रायपुर। सावन माह के अवसर पर शिवांश इंटरनेशनल स्कूल संस्थान द्वारा बोलबम श्रद्धालुओं एवं समस्त भक्तों, राहगीरों के लिए महाभण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और बोलबम, हर-हर महादेव के जयकारे से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में डायरेक्टर चित्रकांत शर्मा, युवा मोर्चा रायपुर जिले के मंत्री श्लोक शर्मा, स्कूल ट्रांसपोर्ट इंचार्ज भरत पाण्डेय एवं समस्त स्कूल के स्टाफ, कर्मचारी, आदि के सहयोग से महाभंडारा संपन्न हुआ।

आईटीआई में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 18 तक ऑनलाइन आवेदन

रायपुर। शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर सड्डू जिला-रायपुर में संचालित व्यवसाय-कोपा, स्टेनो हिंदी, इंटीरियर डिजाइनर एंड डेकोरेशन में रिक्त सीटों तथा राज्य के अन्य शासकीय आईटीआई में उपलब्ध रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए है। इसके लिए अभ्यर्थी 18 अगस्त तक आवेदन कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी सीजीआईटीआईडॉटएडमिशन्सडॉटनी कडॉटइन वेबसाइट पर आनलाइन रजिस्ट्रेशन कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का छत्तीसगढ़ राज्य का मूलनिवासी होना आवश्यक है।

जल कनेक्शन के लिए मंगाए आवेदन

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर को 150 एमएलडी जल शुद्धिकरण संयंत्र के लिए स्वीकृति प्राप्त है। शहर में भविष्य की जल प्रदाय व्यवस्था को मजबूत बनाने एवं जल आपूर्ति योजनाओं के प्रभावी नियोजन के उद्देश्य से नगर निगम क्षेत्र के ऐसे नागरिकों से नए जल कनेक्शन की संभावित मांग का विवरण आमंत्रित किया गया है, जिनके पास वर्तमान में नगर पालिक निगम का जल कनेक्शन उपलब्ध नहीं है। इच्छुक नागरिक निर्धारित आवेदन प्रपत्र में आवश्यक जानकारी भरकर इस सर्वे में भाग ले सकते हैं। इस प्रक्रिया का उद्देश्य केवल भविष्य की जलापूर्ति योजना तैयार करना है।

प्लेसमेंट कैंप में लिया 55 प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा

रायपुर। डीएनवीए इंटरनेशनल कंपनी ने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) माना में प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया, जिसमें 55 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। संयुक्त संचालक एवं प्राचार्य पी. ईडपाचे के मार्गदर्शन में आयोजित कैंप में प्लेसमेंट अधिकारी प्रवीण डडसेना एवं नेहा वर्मा भी उपस्थित रही। माना, गुंडरदेही, पुसौर, मेघा, गौरेला, डौंडी-लोहारा एवं नारी सहित विभिन्न स्थानों से वेल्डर, फिटर एवं डीजल मैकेनिक ट्रेड के प्रशिक्षणार्थी कैंप में शामिल हुए। साथ ही अनुभवी एवं फ्रेशर अभ्यर्थियों के साथ-साथ डिप्लोमा विद्यार्थियों ने भी चयन प्रक्रिया में भाग लिया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर, कार्य की प्रकृति एवं आवश्यक योग्यताओं की जानकारी दी। चयन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी दक्षता का आंकलन किया गया।

हाल-ए-रायपुर लोकल ट्रेन, अभनपुर-राजिम के लिए रोज 250 यात्री

आमदनी से बारह गुना अधिक खर्च, बिजली पर 1.56 करोड़ खर्च, राजस्व सिर्फ 13 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

रायपुर से सीबीडी, नया रायपुर तक ट्रेन सेवा शुरू हुए एक साल से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब भी ट्रेन में यात्रियों का टोटा है और इसके परिचालन में हो रहे खर्च के मुकाबले संख्या काफी कम है। रायपुर से राजिम के बीच चलने वाली लोकल ट्रेनों में भी यात्रियों की संख्या सीमित है। हालांकि अभनपुर और राजिम के लिए यात्रियों की संख्या में कुछ बढ़ोतरी हुई है।

वर्तमान में दोनों दिशाओं को मिलाकर दिनभर में 250 से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। रायपुर से राजिम के बीच दिनभर में तीन लोकल ट्रेनें संचालित हो रही हैं। इनमें रायपुर से मंदिर हसौद, सीबीडी और केंद्री के लिए यात्रियों की संख्या अब भी काफी कम है। पड़ताल में सामने आया कि इन स्टेशनों के लिए एक ट्रेन में यात्रियों की संख्या 10 के आसपास ही रहती है। वहीं अभनपुर और राजिम के लिए 50 से 70 के बीच यात्री मिल रहे हैं। त्योहार में यह संख्या 100 के पार चली जाती है।

तीन लोकल में 250 से अधिक यात्री

रायपुर-राजिम लोकल में 450 से अधिक सीटें हैं, लेकिन एक ट्रेन में औसतन करीब 100 यात्री ही सफर कर रहे हैं। दोपहर के समय यात्रियों की संख्या 50 तक भी नहीं पहुंचती, जबकि सुबह और रात की ट्रेनों में अपेक्षाकृत अधिक यात्री मिलते हैं। राजिम से रायपुर वापसी में भी करीब 40 से 50 यात्री सफर करते हैं। इस तरह तीनों लोकल ट्रेनों में दोनों दिशाओं को मिलाकर 250 से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं।

मंदिर हसौद, सीबीडी और केंद्री में सालभर बाद भी नहीं बढ़ी संख्या

13 लाख का राजस्व, बिजली खर्च ही डेढ़ करोड़ के पार

रायपुर-राजिम रूट पर तीन लोकल ट्रेनों से प्रतिदिन करीब 3,500 से 4,000 रुपए का राजस्व किराए के रूप में मिलने का दावा है। इसी आधार पर सालाना राजस्व करीब 13 से 14.6 लाख रुपए बैठता है। रेलवे के अनुसार, 55 किमी की दूरी में एक तरफ ट्रेन चलाने पर करीब 1,100 यूनिट बिजली की खपत होती है। 6.50 प्रति यूनिट की दर से एक तरफ का बिजली खर्च करीब 7,150 है। छह राउंड में प्रतिदिन बिजली खर्च करीब 42,900 बैठता है। इस हिसाब से सालभर में केवल बिजली पर करीब 1.56 करोड़ का खर्च आता है। ऐसे में मौजूदा किराया राजस्व की तुलना में बिजली खर्च काफी अधिक होने से इस रूट पर लोकल ट्रेन संचालन की आर्थिक व्यावहारिकता चुनौती बनी हुई है।

यात्रियों को अब भी बस से सफर करना पसंद

रायपुर से मंदिर हसौद, सीबीडी और केंद्री जाने वाले यात्रियों की संख्या कम होने की बड़ी वजह ये है कि लोग ट्रेन के बजाय बस या अन्य साधनों से सफर करना पसंद कर रहे हैं। रेलवे स्टेशन पहुंचकर ट्रेन पकड़ने के बजाय सीधे बस से गंतव्य तक जाना यात्रियों को अधिक सुविधाजनक लग रहा है। यही वजह है कि ट्रेन सेवा शुरू होने के एक साल बाद भी इन स्टेशनों के लिए यात्रियों की संख्या 10 से आगे नहीं बढ़ पाई है। अभनपुर और राजिम जाने वाले अधिकांश यात्री भी अब तक बस से ही सफर कर रहे हैं। हालांकि बीते एक साल में अभनपुर से राजिम की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में कुछ बढ़ोतरी जरूर देखने को मिली है।

जिला कांग्रेस ने किया ध्वजारोहण धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

- मेनन एवं बंजारे ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 15 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में रायपुर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

इस अवसर पर श्री मेनन ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं एवं प्रदेश की जनता के नाम दिए गए संदेश का वाचन किया। इसके बाद उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। श्री मेनन ने कहा, भारत का स्वतंत्रता दिवस देश के लिए गौरव और श्रद्धा का दिन है। लगभग 200 वर्षों की ब्रिटिश गुलामी से देश को आजाद कराने के लिए असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन समर्पित किया।

बैज ने राजीव भवन में किया ध्वजारोहण

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता दिवसी की 80वीं वर्षगांठ की बधाई देते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संदेश दिया। उन्होंने अपने संदेश में कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि प्रदेश सरकार को उखाड़ फेंकने सामने आएं। उन्होंने कहा, संगठन पूरी तरह से तैयार हो गया है।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में रायपुर जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, पंकज शर्मा, प्रमोद चौबे, संजय पाठक, सूर्यमणि मिश्रा, कन्हैया अग्रवाल, सलाम रिजवी, महेंद्र छाबड़ा, शशिभूषण गौतम, सुशांत डे, इदरीश गांधी, जसवीर ढिल्लन, सुंदर जोगी, राकेश धोत्रे, दिनेश ठाकुर, अविनय दुबे, डॉ. अनुराम साहू, मनोज बंजारे, सतीश जैन, प्रशांत ठेंगड़ी, चंपालाल देवांगन, सुनील बाजारी, शिवकांत शुक्ला, प्रवीण चंद्राकर, दीपक चौबे, गौरीशंकर पांडे, अंजुमन ढेबर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

- 'प्रोजेक्ट धड़कन' से तीन बच्चों को मिला नया जीवन

स्टेथोस्कोप से सुनी घरघराहट, जांच में दिल की बीमारी का खुलासा, कराया निशुल्क इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दिखने में स्वस्थ और थकान, कमजोरी जैसे कोई लक्षण नहीं दिखने के बावजूद एक 9 साल का बच्चा हृदयरोग से पीड़ित मिला। प्रोजेक्ट धड़कन के डॉक्टर ने स्टेथोस्कोप से सांस में आने वाली घरघराहट सुनी तो इसका पता चला। बच्चे के माता-पिता की सहमति के बाद उसका निशुल्क इलाज किया गया। इसके अलावा दो और बच्चों को इस योजना में निशुल्क सर्जरी के बाद नया जीवन मिला।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु की चिकित्सकीय टीम ने प्रोजेक्ट धड़कन के दौरान आरंग के स्कूल और आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया था। ग्राम देवरी के स्कूल में जांच के दौरान 9 साल के आयुष की जांच की गई तो सांस लेने के दौरान घरघराहट होने का पता चला। चिकित्सकीय टीम ने उसका निरीक्षण कराया तो उसे हृदय की बीमारी होने का पता चला। चिरायु टीम के डॉक्टर ने बताया कि बच्चा बाहर से पूरा स्वस्थ दिखता था और उसमें किसी तरह के लक्षण दिखाई नहीं देते थे। आयुष के माता-पिता को बीमारी और उसके निशुल्क इलाज की योजना के बारे में जानकारी दी गई। उनसे सहमति मिलने के बाद डॉक्टरों की टीम उसे लेकर निजी हास्पिटल गई और जांच की पूरी प्रक्रिया के बाद उसका इलाज कराया। इसी तरह तीन साल की टिकेश्वरी साहू और प्रणय निषाद की बीमारी का पता चला था। जांच टीम ने अलग-अलग समय में इन दोनों बच्चों का इलाज कराकर उन्हें नया जीवन दिलाया। जांच टीम के डॉक्टरों ने बताया कि सभी बच्चे ऑपरेशन पश्चात स्वस्थ हैं। ये योजना उन मरीजों के लिए बड़ी मददगार साबित हो रही है, जिनके माता-पिता रोजी-मजदूरी कर अपना जीवनयापन करते हैं। ऑपरेशन के पश्चात हॉस्पिटल से निकलते समय नन्हे, मासूम बच्चों के माता पिता के चेहरे की मीठी मुस्कान देखने लायक थी। बच्चों की बीमारी की पहचान कर उनका निशुल्क इलाज कराने में डॉ. अबरार आलम, डॉ. शोभा निषाद, फार्मासिस्ट डुमेंद्र धुर्वे, एएनएम टिकेश्वरी साहू का ऑपरेशन हेतु विशेष सहयोग रहा।

लगातार जांच

हृदय संबंधी समस्या से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उनका निशुल्क इलाज कराने के लिए जांच अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में इसके लिए चिरायु टीम पहुंच रही है। - **डॉ. मिथिलेश चौधरी**, सीएमएचओ

- सुरक्षा के लिहाज से बाउंड्री निर्माण कराने के साथ ही गेट भी लगवाया गया

हाईटेक मंगल भवन के साथ रिसेप्शन के लिए अब डेवलप होगा लॉन गार्डन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उरकुरा मुख्य मार्ग से महज 200 मीटर की दूरी पर बिरगांव निगम ने करीब 5 साल पहले ढाई करोड़ में हाईटेक मंगल भवन निर्माण शुरू किया था। अब इसके साथ ही भवन के पास करीब दो एकड़ एरिया में रिसेप्शन के लिए लॉन गार्डन डेपलप करने का भी प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। साथ ही पार्किंग सहित मंगल भवन की सुविधा मिलेगी। अक्टूबर में 40 वार्डों के रहवासियों को जरूरत के मुताबिक एक अच्छी सुविधा मिलने वाली है। बिरगांव निगम के लोक निर्माण विभाग ने लॉन गार्डन के लिए तय एरिया को बाउंड्रीवॉल से कवर किया है। अभी इसमें डेकोरेटिव पौधे के साथ रिसेप्शन की सुविधा के अनुरूप पाथवे निर्माण भी प्रोजेक्ट का हिस्सा है। सुरक्षा के लिहाज से बाउंड्री निर्माण कराने के साथ ही गेट भी लगवाया गया है। मिट्टी से जमीन को समतल करने के बाद दूब घास लगाई जाएगी। साथ ही लॉन गार्डन को आकर्षक लुक देने के लिए पुष्प वाटिका सजाने की प्रक्रिया भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा है। लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष

इकराम अहमद ने बताया कि निर्माण में शामिल सभी प्रोजेक्ट की समीक्षा के बाद अधिकारियों और एजेंसी के जिम्मेदारों की मौजूदगी में निर्माण का जायजा लिया है। लोगों को सुविधा से जुड़े बड़े प्रोजेक्ट को दिपावली तक पूरा करने निर्देश दिया है ।

पुष्प वाटिका में बनाएंगे सेल्फी जोन

लॉन गार्डन में लोगों को खास अवसर यादगार बनाने के लिए पुष्प वाटिका में सेल्फी जोन के लिए माहौल मिलेगा। लंबे समय से निर्माणाधीन मंगल भवन का काम अभी भी अधूरा है। इसे देखते हुए लॉन गार्डन का बाउंड्रीवॉल बनवाने के बाद जमीन को समतल किया गया है। इसमें दूसरे फेज का काम भी शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए एजेंसी को दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

मेडिकल की तरह नर्सिंग काउंसिलिंग में भी हर राउंड में पंजीयन, सरकारी सीट छोड़ी तो निजी का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

मेडिकल की तरह नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए होने वाली काउंसिलिंग के हर राउंड में अभ्यर्थियों को पंजीयन कराना होगा। इसी तरह किसी कारणवश आवंटन के बाद विद्यार्थी सरकारी सीट छोड़ देता है तो उसे दोबारा मौका निजी कॉलेज में एडमिशन के लिए ही मिल पाएगा।

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पिछले दिनों नर्सिंग प्रवेश नियम जारी किया है। जारी प्रवेश नियम 7 अगस्त 2026 में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए कुछ महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। इसमें प्रवेश के दौर की काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को नया पंजीयन कराने का मौका दिया गया है। पूर्व में पंजीयन एक बार किया जाता था और मौका चूकने वालों को अंतिम राउंड तक इंतजार करना पड़ता था। अब पहले दौर की काउंसिलिंग में शामिल नहीं हो सकने वाले दूसरे राउंड में प्रवेश प्रक्रिया में भागीदारी कर पाएंगे। इसी तरह अभ्यर्थी किसी राउंड शामिल नहीं होना चाहता तो बिना किसी प्रक्रिया के हट सकता है। पूर्व में ऐसा करने के लिए भी उसे स्क्रूटनी प्रक्रिया में शामिल होना पड़ता था और संबंधित महाविद्यालय तक जाना पड़ता था। इसी तरह शासकीय कालेज की आवंटित सीट ठुकराने वाले अभ्यर्थी को अब काउंसिलिंग से बाहर नहीं किया जाएगा। अगले राउंड में उसे किसी निजी महाविद्यालय में प्रवेश का मौका दिया जाएगा। नर्सिंग एडमिशन के दौरान पहले शासकीय कालेजों की सीटों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसकी पूर्ति होने के बाद निजी कालेजों में एडमिशन दिया जाएगा। शासकीय कालेज में स्नातक दर्जे वाली नर्सिंग विषय की सीटों का 20 प्रतिशत और एमएससी यानी स्नातकोत्तर विषय की 50 फीसदी सीट शाासकीय सेवारत सीटों के लिए आरक्षित किया जाएगा।

नहीं बनी निरीक्षण कमेटी

निजी नर्सिंग कालेजों को वर्ष 2026-27 को मान्यता देने सीजीएनआरसी के निरीक्षण का काम शुरू नहीं किया गया है। जानकार सूत्रों का कहना है कि इसके लिए अब तक कमेटी का गठन नहीं किया गया है। निरीक्षण कमेटी की रिपोर्ट के आधार नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल मान्यता प्रदान करता है। इसके बाद आयुष विश्वविद्यालय की कमेटी निरीक्षण प्रक्रिया के बाद संबद्धता देती है।

संशोधन को सराहा

नर्सिंग प्रवेश नियम में किए गए संशोधन को प्रायवेट नर्सिंग कालेज एसोसिएशन ने सराहा है। संगठन के अध्यक्ष महेंद्र चौबे और प्रवक्ता राजीव गुप्ता ने कहा कि इस संशोधन का लाभ काउंसिलिंग में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को मिलेगा। पूर्व में अपनी थोड़ी गलती की वजह से काउंसिलिंग के लिए अंतिम दौर तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। विद्यार्थी दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में शामिल हो सकेंगे।

हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 17 अगस्त 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



राजधानी के पुलिस परेड ग्राउंड में 80वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ आयोजित हुआ। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। समारोह में 17 प्लाटूनों ने भव्य मार्च पास्ट कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह परेड मार्च पास्ट भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी विमल कुमार पाठक के नेतृत्व में हुआ। इस बार बिहार प्रदेश की पुलिस टुकड़ी आमंत्रित वर्ग में परेड में शामिल हुई। स्वतंत्रता दिवस समारोह की परेड में उत्कृष्ट दलों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सम्मानित किया। केन्द्रीय बलों के वर्ग में भारत तिब्बत सीमा पुलिस की टुकड़ी को पहला स्थान मिला। आईटीबीपी के दल को पांच हजार रुपए और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। राज्य बलों के वर्ग में पहला स्थान छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (महिला) को प्राप्त हुआ। विजेताओं को पांच हजार रुपए और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

राजधानी के पुलिस परेड ग्राउंड में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया

स्वतंत्रता दिवस समारोह में दिखा देशभक्ति का जज्बा

रायपुर। कंटीजेंट एनसीसी वर्ग में पहला स्थान एनसीसी गर्ल्स और दूसरा स्थान एनसीसी बॉयज के दल को मिला। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दोनों दल कमांडरों को ट्रॉफी प्रदान कर प्रोत्साहित किया। परेड प्रस्तुतियोजन के लिए डॉ. अनुराधा दुबे और मनीष परमानंद को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। स्वतंत्रता दिवस का यह पावन पर्व माँ भारती की वंदना का दिन है। आज हम भारत माता के उन सभी महान सपूतों को नमन कर रहे हैं, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज का दिन देश की एकता, अखण्डता की गौरवशाली यात्रा से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का है। भारत का महान स्वतंत्रता संग्राम महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. भीमराव अंबेडकर, वीर सावरकर सहित असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की अमर गाथा है। स्वतंत्रता दिवस समारोह में घुड़सवार दल का हॉर्स शो भी आकर्षण का केंद्र रहा। तीसरी वाहिनी अमलेश्वर के घुड़सवार दल ने फ्लैग मार्च, टेंट पैगिंग, नेज़ाबंदी शो, जंपिंग और गैलप राउंड जैसी प्रदर्शन से समारोह में रोमांच भर दिया।

बैगपाइपर बैंड ने देशभक्ति धुनों से किया ओप्रोत

स्वतंत्रता दिवस समारोह में आरक्षक सोनबती ठाकुर के नेतृत्व में 20वीं भारत रक्षित वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के 35 सदस्यों के इस बैगपाइपर बैंड द्वारा क्विक मार्च में 'इंडिया गेट', 'केसरिया बाना', 'हार्श मेन', 'शांति सेना' और 'पुलकित हिमालय' जैसी धुनें बजाकर वातावरण को हर्ष और देशभक्ति से ओतप्रोत किया गया।

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने हर्षोल्लास के साथ 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और स्वतंत्रता दिवस की बधाई प्रेषित की।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंटरनेशनल स्विमिंग पूल परिसर में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। पूल के संचालक पुष्पकांत चंद्राकर ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम के दौरान देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

वॉलफ्रोर्ट एनक्लेव-2 में 80वां स्वतंत्रता दिवस पर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के बच्चों ने देशभक्ति गीतों से सराबोर किया। वॉलफ्रोर्ट एनक्लेव -2 के उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी संतोष गुप्ता ने ध्वजारोहण कर सोसाइटीवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति द्वारा सरोना स्थित ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के आश्रय स्थल गरिमा गृह में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तेलीबांधा तालाब पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक योगेश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज से देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया।

विप्र नगर सेंट्रल रोड समिति ने 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर ध्वजारोहण विप्र नगर के वरिष्ठ नागरिक रुपेंद्र नायक द्वारा किया गया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष जेआर शर्मा ने बताया कि टीके श्रीवास, प्रदीप नंदनवान, सचिन बिसेन, दिनेश नामदेव, संजय शर्मा, सस्मिता पाणीग्राही, अन्नपूर्णा वर्मा, अंजू शुक्ला, सीता प्रधान, पुष्पा श्रीवास, अंजिता देशमुख, शालिनी साहू, कुसुम बिसेन उपस्थित रहे।

लायंस क्लब रायपुर यूनाइटेड डिस्ट्रिक्ट 3233C द्वारा स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में क्लब के लायन शैलेश अग्रवाल के मुख्य अतिथ्य में ध्वजारोहण किया गया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में 80वां स्वतंत्रता दिवस विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थानों में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रायपुर के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक दयानंद मुख्य अतिथि व सेक्रो अध्यक्षा शिखा सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिरगांव में आयोजित 150 फीट लंबी विशाल तिरंगा यात्रा में ऐतिहासिक जनसैलाब उमड़ा। पार्षद इकराम अहमद ने बताया कि तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों के साथ-साथ बिरगांव के विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

योग परिवार द्वारा परम जीवनमं में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समाज सेवक प्रमोद महानंद द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर रोटरी क्लब ऑफ रायपुर सुप्रीम ने बढ़ते कदम संस्था द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में बुजुर्गजनों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब अध्यक्ष रोटेरियन एस.के. श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर की। इसके बाद सभी ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी।

रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ के कार्यालय केमिस्ट भवन मेडिकल कंपलेक्स एवं न्यू मेडिकल परिसर में स्वतंत्रता दिवस हर्ष से मना। इस अवसर पर अध्यक्ष विनय कृपलानी ने तिरंगा फहराया।

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रमों में शामिल हुए।

पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर अवंती विहार व्यापारी संघ ने अटल चौक में पुष्पांजलि सभा आयोजित की। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी व उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने अटलजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण अटलजी की देन है। पुरंदर मिश्रा ने अटलजी की सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को याद किया। वहीं, सुनील सोनी ने उनकी सिद्धांतवादी राजनीति को प्रेरणादायी बताया।

होली हार्ट्स स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। 80वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन 'वंदे मातरम्' थीम पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. राकेश गुप्ता थे।

राज्य हज कमेटी कार्यालय, मुखर्जी बाड़ा बैरन बाजार रायपुर में हर्षोल्लास से 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज बेग ने ध्वजारोहण किया।

श्री बालाजी दिशा कॉलेज, रामनगर कोटा में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान से हुआ। मुख्य अतिथि चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक, डायरेक्टर डॉ. पुष्पेंद्र नायक सहित अन्य पदाधिकारी एवं प्राचार्य डॉ. ए.के. तिवारी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. ए.के. तिवारी ने स्वतंत्रता को अधिकार के साथ जिम्मेदारी भी बताया।

जश्न-ए-आजादी में डूबा शहर, शान से लहराया तिरंगा

एनटीपीसी नवा रायपुर में 15 अगस्त को 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक वंदे मातरम गायन से हुई। इसके बाद पश्चिमी क्षेत्र-I के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक नीरज जलोटा ने तिरंगा फहराया और राष्ट्रगान हुआ। उन्होंने एनटीपीसी के ऊर्जा क्षेत्र में योगदान, नवाचार, दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर दिया।

शिवोम विद्यापीठ रायपुरा में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें एनसीसी, स्काउट-गाइड, विभिन्न सदनों और विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि सचिव प्रणव शर्मा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय सलामी दी। मार्च पास्ट में स्कूल स्टूडेंट काउंसिल, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड तथा विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कोलंबिया प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस 'स्वतंत्रता, एकता और जिम्मेदारी' की थीम पर उत्साह एवं देशभक्ति के साथ मनाया गया। फैकल्टी ऑफ फार्मेसी ग्राउंड में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के बाद कुलाधिपति किशोर जदवानी, प्रो-चांसलर हरजीत सिंह हूरा, कुलपति प्रो. डॉ. रमन कुमार झा सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने युवाओं से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

प्रणवानंदा अकादमी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय अध्यक्ष स्वामी शिवरूपानंद जी महाराज सहित सचिव ब्रह्मचारी अरुनव महाराज, स्वामी प्रणानंद जी महाराज, प्राचार्या नीति सिंह यदुवंशी एवं विद्यालय समिति सदस्य अजंता चौधरी उपस्थित रहीं।

शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल, चंगोराभाठा में स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रूची गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने देशभक्ति भाषण, गीत, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के समापन पर वंदे मातरम और जय हिंद के नारों से विद्यालय परिसर गूंज उठा।

शासकीय प्राथमिक शाला बस्तीपारा भाठागांव में प्रधान पाठक शुभांगी शूर, शिक्षिका आरती तिवारी, पार्षद रवि सोनकर सहित शाला समिति सदस्य व पालकगण ध्वजारोहण में शामिल हुए।

रायपुर (निप्र) बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर वेलफेयर संघ ने हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने ध्वजारोहण किया।

मुकुट नगर में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। स्थानीय गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष पांडेय ने ध्वजारोहण किया, जिसके बाद राष्ट्रगान हुआ। इस दौरान परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नवा रायपुर स्थित मंत्री राजेश अग्रवाल के शासकीय आवास में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। मंत्री के निज सचिव मनीष गुप्ता ने तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित कर्मचारियों ने राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। समारोह में ओएसडी जितेंद्र सिंह, संजीत सिंह, कमल जायसवाल, दुर्गेश सिन्हा, दीपू सुदन पटेल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाई गई। कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी स्पोर्ट्स अकादमी में एकत्रित हुए। प्रशासन निदेशक एस.के. तोमर, प्राचार्य डॉ. अविनाश पांडे सहित अधिकारियों ने ध्वजारोहण किया।

द गुड स्टार्ट स्कूल की भाटागांव एवं प्रोफेसर कॉलोनी शाखाओं में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य अनीता त्रिपाठी, मैनेजिंग डायरेक्टर काश्मिका सोनी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक समारोह में शामिल हुए। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया।

सालेम स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ डायोसिस एजुकेशन बोर्ड के चेयरमैन बिशप सुषमा कुमार ने ध्वजारोहण किया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम रायपुर द्वारा आयोजित समारोह में जनसंपर्क एवं सोशल मीडिया प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए पियूष अग्रवाल को प्रशस्तिपत्र देकर महापौर मीनल चौबे ने सम्मानित किया। पियूष द्वारा नगर निगम की योजनाओं, विकास कार्यों, जनहितकारी अभियानों एवं निगम की विभिन्न गतिविधियों को सोशल मीडिया एवं जनसंपर्क माध्यमों के जरिए प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंचाने में सराहनीय योगदान दिया जा रहा है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 भारत माता काम्प्लेक्स के पास नेताजी कन्हैयालाल बाजारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किशन लाल बाजारी ने किया ध्वजारोहण।

टाटीबंध क्षेत्र में हरियाणा सेवा संघ की ओर से भव्य तिरंगा बाइक यात्रा निकाली गई। संघ अध्यक्ष सतवीर सिंह तंवर के मार्गदर्शन में आयोजित यात्रा में युवाओं, बुजुर्गों समेत विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा लेकर प्रतिभागी भारत माता की जय के नारे लगाते हुए टाटीबंध से कबीर नगर और गोंदवारा चौक होते हुए हीरापुर पहुंचे, जहां यात्रा का समापन हुआ।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भीम आर्मी छत्तीसगढ़ के प्रादेशिक कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। प्रदेश सह प्रभारी मनोज बंजारे ने ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में सतनामी समाज से जुड़े मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को विभिन्न स्तरों पर शोषण और भेदभाव का सामना करना पड़ता है तथा अनुसूचित जाति-जनजाति के लिए संचालित योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है।

सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग के नवीन भवन में स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाई गई। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू, संस्था संचालक डॉ. नवीन बागरेचा, डॉ. ऋषा बागरेचा, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवि वैष्णव तथा पूर्व छात्र-छात्राओं ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने भाषण, गीत-संगीत सहित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में प्राचार्य पुष्पेन्द्र कर्ष सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कलिंगा विश्वविद्यालय में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि मेजर प्रवीण सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद परिसर राष्ट्रगान और वंदेमातरम् से गूंज उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और भाषण प्रस्तुत किए। कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर प्रकाश डाला।

नवा रायपुर स्थित इंद्रावती भवन परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया।

पंवार सभा भवन, चंगोराभाठा में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पंवार क्षत्रिय संगठन के अध्यक्ष डॉ. रमेश राहंगडाले ने बताया, कार्यक्रम में संरक्षक वीबी देशमुख, किरण चौहान, शारदा एड़े, बसंत बघेले, युवा अध्यक्ष और समाज के वरिष्ठजन, कार्यकारिणी, महिला मंडल, युवा मंच की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया एवं अन्य कार्यक्रम संपन्न हुए ।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू ने रायपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर राष्ट्रध्वज फहराया और देश की एकता, अखंडता का संकल्प दिलाया।

सिटी लाइव

पंजाबी महिला मंडल की हरियाली तीज लोकगीत-सांस्कृतिक प्रस्तुति ने बांधा समां

रायपुर। पंजाबी महिला मंडल ने शुक्रवार को टाटीबंध स्थित होटल गगन रेजिडेंसी में हरियाली तीज का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में पहुंचकर तीज उत्सव की खुशियां मनाईं।

इस दौरान तीज के लोकगीतों पर भांगड़ा और गिद्दा की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। आयोजन के माध्यम से पंजाबी संस्कृति और परंपराओं को करीब से महसूस करने का अवसर मिला।

सावन के उत्सव का लिया आनंद

महिलाओं ने पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य के साथ सावन के उत्सव का आनंद लिया। आयोजन को सफल बनाने में पम्मी, नीना, सीमा, संध्या, शालिनी, रिंपी, हरप्रीत, गिन्नी एवं रजविंदर सहित सभी सदस्यों का सहयोग रहा। सावन के रंग और पंजाबी संस्कृति की मिठास से सजे इस कार्यक्रम ने महिलाओं में उत्साह और उल्लास भर दिया। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे यादगार बताया। पंजाबी महिला मंडल ने हरियाली तीज को हर वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाने की बात कही। महिलाओं ने इस परंपरा को आगे बढ़ते हुए नई पीढ़ी को भी शामिल किया।

धर्म लाइव

जिनालय में प्रथम पाषाण स्थापना महोत्सव की धूम

रायपुर। विवेकानंद नगर स्थित श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के निर्माणाधीन नूतन जिनालय में 15 अगस्त को देवाधिदेव संभवनाथ भगवान परमात्मा के मंदिर की प्रथम पाषाण स्थापना का महामहोत्सव भक्तिभाव और धार्मिक उल्लास के साथ हुआ। चतुर्विध संघ की पावन निश्रा में

पार्श्व पद्मावती जिनालय टैगोर नगर से विवेकानंद नगर स्थित नूतन जिनालय तक भव्य वरघोड़ा निकाला गया। इसमें पाषाण स्थापना के लाभार्थी परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए। महोत्सव का आयोजन जिनमणिप्रभ सूरीश्वर के आज्ञा प्रदाता तथा जिनपीयूष सागर की पावन प्रेरणा से किया गया।

भक्तिमय गीत-संगीत की प्रस्तुतियों पर झूमे श्रद्धालु

समारोह में मुनि संवेगरत्न सागर आदिठाणा 5 एवं साध्वी मंजुलाश्री आदिठाणा 4 की पावन निश्रा रही। महोत्सव की शुरुआत 14 अगस्त से प्रभु भक्ति के साथ हुई। संध्या में संगीतकार राहुल झाबक ने भक्तिमय प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिरस से भर दिया। मुख्य आयोजन शनिवार सुबह 7.30 बजे नूतन जिनालय के प्रांगण में हुआ। इस दौरान रत्न एवं स्वर्ण पाषाण स्थापना का धार्मिक आयोजन विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। पाषाण स्थापना की विधि मुनि संवेगरत्न सागर के सान्निध्य में विधिकारक अरविंदज चौरड़िया, इंदौर द्वारा संपन्न कराई गई।

समाज इवेंट

श्री रामकथा ही नहीं, इसके हर प्रसंग में जीवन दर्शन

रायपुर। श्रीराम कथा केवल कथा ही नहीं, इसके हर प्रसंग में जीवन दर्शन को समझाया गया है। भगवान ने रास्ता दिखा दिया है, समझने की बात यह है कि लोग कितना जीवन और आचरण-व्यवहार में उतार सकते हैं। किसी को जानने से ज्यादा असर सुनने का होता है। इसलिए कथा सुनने से मन में भाव आता है। लेकिन, इंसान का मैं नहीं छूटता है, यही सबसे बड़ी बुराई है। भगवान को लोग तब याद करते हैं, जब सब कुछ छूट जाता है। लेकिन, यह व्यथा है कि जीवन के अंतिम समय में भी राम नाम निकलना मुश्किल हो जाता है। क्रोध आए तो कल पर टाल दें, अपराध नहीं होगा। रविवार को कथा सुबह और शाम दो सत्रों में हुई। मैक कॉलेज ऑडिटोरियम में व्यासपीठ से संत शंभूशरण लाटा महराज ने बताया कि भक्तों की रक्षा के लिए भगवान कोई भी रास्ता निकाल लेते हैं और समदर्शी रहते हुए मारने वाले को भी मुक्ति प्रदान कर देते हैं।

न अपराध होगा और न आत्महत्या जैसे पाप का बोध

जैसे कि उन्होंने सुग्रीव के भाई राजा बालि के साथ किया। इसी कड़ी में बताया कि सुग्रीव के प्रति उन्हें गुस्सा आ गया और उसे मारने की बात कह गए, लेकिन जब क्रोध है तब नहीं, दूसरे दिन मारने की बात कहते हैं। वह यह बताना चाह रहे हैं कि क्रोध आए तो कल पर टाल दें, कारण टल जाएगा। तब न अपराध होगा और न आत्महत्या जैसे पाप का बोध होगा। तब आपका राम कथा सुनना सफल हो जाएगा। संत श्री ने जामवंत-हनुमान प्रसंग में बताया कि बड़े बुजुर्गों के पास अनुभव और दूरदृष्टि होती है। लेकिन, कुछ कर पाने में वह असमर्थ पाते हैं। क्योंकि शरीर साथ नहीं देता है। जबकि युवाओं के पास जोश के साथ कुछ भी करने का जज्बा होता है, लेकिन अनुभव का अभाव होता है। परिवार, समाज या व्यापार का मिलकर संचालन करें तो निश्चित रूप से सफल होंगे।

वर्षों पुराने अखाड़ों में होगा दंगल, महिला-पुरुष पहलवान दिखाएंगे कुश्ती के दांव-पेंच, पूजा के बाद दोपहर से रात तक चलेगी स्पर्धा

नागपंचमी पर आज फिर गूंजेंगे अखाड़े, शिवलिंग की पूजा के बाद खिलाड़ी एक-दूसरे को चित करने लगाएंगे जोर

नागपंचमी के अवसर राजधानी में 100 साल से भी अधिक पुराने अखाड़ों में पहलवानों की दंगल प्रतियोगिता एक बार फिर से जीवंत हो उठेगी। शहर के तीन प्रमुख अखाड़े दंतेश्वरी व्यायामशाला, गुढ़ियारी शंकर मंदिर अखाड़ा समेत श्री दूधाधारी अखाड़ा में कुश्ती आज देखने को मिलेगी।

रायपुर। दंगल को लेकर अखाड़ों में विगत 15 दिनों से अभ्यास चल रहा है। इस बार भी युवाओं के साथ-साथ युवतियों ने भी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। इस अवसर पर पहले अखाड़ों में पूजा होगी, जिसमें नाग स्वरूप में शिवजी का श्रृंगार किया जाएगा। मंदिरों में भी विशेष पूजा होगी। अखाड़ा समिति के उस्तादों और मंदिर के पुजारियों ने मिलकर सारी व्यवस्थाएं कर ली हैं।

पूजा के बाद 12 बजे से शुरू होगा अखाड़ा

पुरानी बस्ती के दंतेश्वरी चौक स्थित दंतेश्वरी व्यायामशाला समिति द्वारा इस बार भी नागपंचमी पर दोपहर 12 बजे अखाड़े में बनाए गए शिवलिंग की पूजा-अर्चना के बाद महिला व पुरुष कुश्ती खिलाड़ियों को अखाड़े में दांव-पेंच दिखाने का अवसर दिया जाएगा। इसके लिए 86 युवकों व 33 युवतियों ने पंजीयन कराया है। पूजा के पश्चात खिलाड़ी बारी-बारी से अलग-अलग आयु वर्ग में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

रात 8 बजे तक चलेगी कुश्ती प्रतियोगिता

शुक्रवारी बाजार स्थित 79 साल पुराने शंकर मंदिर अखाड़े में दोपहर 2 बजे पूजा-अर्चना के बाद महिला और पुरुष पहलवानों के बीच कुश्ती प्रतियोगिता का दौर शुरू होगा। अखाड़ा समिति ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर से खिलाड़ी भाग लेने आएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजेश मूणत रहेंगे। हर साल नागपंचमी के दिन परंपरा निभाने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले महिला और पुरुष पहलवानों के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस बार भी रात 8 बजे तक खिलाड़ियों को खुली कुश्ती में दांव-पेंच दिखाने का अवसर दिया जाएगा।

पूजा-अर्चना के बाद दंगल...दंगल

श्री दूधाधारी अखाड़ा उत्सव समिति में इस बार भी पहलवानों की दंगल देखने को मिलेगी, साथ ही यहां उस्ताद से प्रशिक्षित युवा कला का प्रदर्शन भी करेंगे। इसके लिए सारी तैयारी की गई है। अभ्यास करने वाले खिलाड़ी इस बार भी नागपंचमी पर पूजा-अर्चना करने के बाद अपने कौशल का जलवा बिखेरेंगे।

मंदिरों में होगी नाग-नागिन की पूजा

रविवि परिसर स्थित मां बंजारी देवी मंदिर ट्रस्ट के पुजारी ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस क्षेत्र में पहले नाग-नागिन के जोड़े को देखा जाता था और लोग उनके पास मनौती लेकर आते थे। अभी भी नागपंचमी के दिन सुबह से देर शाम तक भक्त परिवारों द्वारा उनके स्वरूप की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। लोग परिसर में स्थित शिव मंदिर में नागपंचमी के मौके पर विशेष रूप से अभिषेक करने पहुंचते हैं। महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर नाथ, बंजारेश्वर महादेव रावांभाठा और श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में यह महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके साथ ही, श्रावण महोत्सव और वैदिक रुद्रमहाभिषेक का भी आयोजन किया गया है।

सावन उत्सव में गेम्स और मस्ती कांवड़ यात्रा में आस्था से सराबोर

रायपुर। श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर समिति, सेंट्रल रोड, विप्रनगर की महिलाओं की सामाजिक-धार्मिक गतिविधियों का सिलसिला जारी है। महिलाओं ने पारंपरिक थीम पर सावन उत्सव मनाया। रविवार को शिव मंदिर से महादेवघाट तक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। पहले दिन सावन उत्सव में हरे परिधानों में मौजूद महिलाओं ने कई तरह के आयोजनों में हिस्सा लिया। कुर्सी दौड़ जैसे रोचक खेल भी हुए। गीत-संगीत से सजे इस उत्सव में महिलाओं की अच्छी खासी भागीदारी रही। महिलाओं ने पीले परिधान में कांवड़ यात्रा की शुरुआत की। भगवान शंकर की जयघोष के साथ मंदिर से कारवां आगे बढ़ा और खारुन तट स्थिति हाटकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा। इन आयोजनों में नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर समिति की अध्यक्ष सस्मिता पाणीग्रही, उपाध्यक्ष सुनीला शर्मा समेत अन्य पदाधिकारी व सदस्य सीता प्रधान, सुनीता ठाकुर, अनिता वर्मा, अन्नपूर्णा वर्मा आदि शामिल रहीं।

सावन महोत्सव पर्यावण संरक्षण का संदेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ धीवर समाज रायपुर परिक्षेत्र द्वारा जिला कार्यालय एकलव्य परिसर आमापारा में सावन महोत्सव मनाया गया। सावन महोत्सव की शुरुआत एकलव्य सरोवर (कारी तालाब) परिसर में आंवला, पीपल, बरगद, अमरूद, नीम पौधारोपण के साथ की गई। इस दौरान धीवर समाज सावन सुंदरी का खिताब उषा धीवर मठपारा को दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जहां एकल डांस, ग्रुप डांस में विशेष रूप से मां-बेटी का युगल डांस, जिसमें कंकाली पारा की भुवनेश्वरी धीवर, आमापारा से अंजली धीवर व उसकी मां को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार दिया गया। व्यंजन प्रतियोगिता में सुशीला धीवर मठपारा, कुर्सी दौड़ में डीलेश्वरी धीवर, पेंटिंग में लक्ष्य धीवर राजातालाब, मेहंदी सजावट के लिए पुष्पांजलि धीवर बिरगांव, रंगोली में दामिनी धीवर कंकाली पारा, गायन में जानकी धीवर, ग्रुप डांस में भूमि डांस ग्रुप मठपारा, एकल डांस में भूमिका धीवर कंकाली पारा को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में दीपक धीवर, अशोक धीवर, किशोर सपहा सहित प्रमोद फरिकार, हरीश धीवर आदि उपस्थित थे।

साहू समाज की कलश-कांवड़ यात्रा, भक्तिमय हुआ वातावरण

रायपुर। सावन मास के पावन अवसर पर साहू समाज द्वारा श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत कलश एवं कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा रामनगर शीतलापारा स्थित सामाजिक सभा भवन से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए महादेव घाट पहुंची। इसमें बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष और युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा के दौरान श्रद्धालु हाथों में कलश और कांवड़ लेकर 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा के साथ यात्रा में हिस्सा लिया, वहीं कांवड़ियों ने भक्ति गीतों और जयघोष के साथ भगवान शिव का स्मरण किया। पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा शहर

महादेव घाट पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया और जल अर्पित कर सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। यात्रा में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे की झलक भी देखने को मिली। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं को सावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। साहू समाज की इस धार्मिक यात्रा से पूरे मार्ग में उत्साह का माहौल रहा और हर-हर महादेव के जयघोष से शहर गूंज उठा।

राजधानी के अलग-अलग क्षेत्र से निकले कांवड़िए, बाइक से शिव के परिधान में पहुंचे भक्त

वर्षा में भीगते हुए जयघोष के साथ श्री हाटकेश्वर नाथ का जलाभिषेक करने निकले कांवड़िए

कार्नर न्यूज

रायपुर। सावन सोमवार से एक दिन पहले ही नौकरीपेशा लोगों ने भक्ति भाव से अलग-अलग समूह में कांवड़ यात्रा निकाली। शहर के टिकरापारा, फाफाडीह, रामनगर, मोतीबाग सहित हर क्षेत्र से कांवड़ियों का दल रविवार को निकला। इससे हर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण निर्मित हुआ। साउंड सिस्टम पर भोले की महिमा से सराबोर करने वाले भजनों के बीच भीगते हुए पग-पग आगे बढ़ते कांवड़ियों के बीच 'बोल बम का नारा है, बाबा ही सहारा है' की गूंज रही। लाखेनगर से महादेव घाट स्थित श्री हाटकेश्वर नाथ मंदिर के बीच कांवड़ियों के लिए जगह-जगह व्यापारियों और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों द्वारा भंडारे की श्रृंखला सजाई गई। भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने का संकल्प लेकर विभिन्न गली-मोहल्लों से लोग समूह में कांवड़ यात्रा के लिए निकले। इसमें सभी वर्ग के लोग शामिल थे। लाखेनगर चौक से लेकर रायपुरा के बीच का नजारा आस्था से सरोबार रहा। दोपहर में तेज बारिश के बीच छोटे-छोटे समूहों में पग-पग आगे बढ़ते कांवड़ियों का स्वागत राहगीरों ने जयघोष करते हुए किया।

व्यापारियों और सामाजिक संगठनों के लोगों ने पुरानी बस्ती थाना के पास तथा लाखेनगर चौक से मंदिर प्रांगण तक भोग प्रसादी वितरित करने के लिए स्टाल सजाए। रावांभाठा, भनपुरी, संतोषी नगर, टिकरापारा, पुरानी बस्ती, अमलेश्वर, दतरेंगा क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालुओं को चाय, नास्ता, भोजन उपलब्ध करवाने के साथ ही थकान दूर करने के लिए कांवड़ स्टैण्ड लगाए। जहां कांवडियों ने कुछ समय के लिए रुकने और भोग प्रसादी लेने के बाद कांवड़ लेकर आगे बढ़े।

श्री हाटकेश्वर नाथ का दर्शन करने कतार

मंदिर के महंत सुरेश गिरी महाराज ने बताया कि श्री हाटकेश्वर नाथ का फूलों से श्रृंगार किया गया था। दर्शन करने के लिए मंदिर का पट ब्रह्म मुहूर्त में खोला गया, जहां दूर-दूर से आने वाले भक्तों को दर्शन करने के लिए बनाई गई व्यवस्था का हिस्सा बनना पड़ा। जलाभिषेक के लिए अरघा लगाया गया है, ताकि आने वाले कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को जलाभिषेक करने के लिए ज्यादा देर तक इंतजार न करना पड़े। वहीं, मंदिर क्षेत्र में एक युवक बाइक पर शिव के परिधान में आकर्षक का केंद्र रहा। आते-जाते भक्तों ने उसे देखकर जय भोलेनाथ का जयघोष किया। कई लोगों ने मोबाइल में इस पल को यादगार बनाने के लिए फोटो क्लिक किए।

सिटी स्पोर्ट्स

प्रदेश भारोत्तोलन संघ की नई कार्यकारिणी, खुराना अध्यक्ष

भिलाई। छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ की विशेष आम सभा एवं कार्यकारी समिति का चुनाव सिविक सेंटर में हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से अरविंदर खुराना को छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया एवं सचिव राजेश जंघेल चुने गए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विजय बघेल रहे थे। चुनाव प्रक्रिया में पर्यवेक्षक के रूप में शशि बघेल, शैलेंद्र जोशी, बुधराम सारंग, मनोज मित्रा एवं अजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से अन्य पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। उपाध्यक्ष घनश्याम जंघेल एवं अनिता शिंदे, सचिव डॉ. राजेश जंघेल, सह सचिव अशोक कुमार साहू एवं माधुरी साहू को नई कार्यकारिणी में जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कार्यकारिणी के गठन से छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ में हर्ष का माहौल है।

वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में प्रताप टेक्निकल ऑफिशियल

रायपुर। 30 वीं बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 17 से 23 अगस्त तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है। 17 वर्षों के अंतराल के बाद भारत को इस प्रतिष्ठित वैश्विक बैडमिंटन टूर्नामेंट की मेजबानी का अवसर मिला है। विश्व स्तर की इस स्पर्धा में वर्ल्ड के टॉप रैंक प्लेयर्स पांच अलग अलग श्रेणी में इस स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। इस स्पर्धा में 56 देश के 461 खिलाड़ी व तक़रीबन 150 से अधिक ऑफिशियल्स भाग लेंगे। इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के कार्यकारी सदस्य प्रताप भट्टाचार्य का चयन टेक्निकल ऑफिशियल के तौर पर हुआ है। ज्ञात हो कि श्री भट्टाचार्य छत्तीसगढ़ के एकमात्र ग्रेड वन नेशनल अम्पायर और रेफरी है।

नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस में अंपायरिंग करेंगे विमल-अजीत

रायपुर। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ द्वारा कानपुर में यूटीटी नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 16 से 23 अगस्त तक आयोजित है। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारी, अन्तर्राष्ट्रीय अंपायर एवं मास्टर्स के राष्ट्रीय खिलाड़ी विमल नायर एवं अजीत बेनर्जी को इस प्रतियोगिता में अंपायर के रूप में नामित किया गया है। यह प्रतियोगिता सीनियर पुरुष एवं महिला एकल, यूथ अंडर-19 (यूथ), यूथ अंडर -17 (जूनियर), यूथ अंडर-15 (सब जूनियर), यूथ अंडर -13 (कैडेट), यूथ अंडर -11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल हेतु कुल मिलाकर 12 वर्गों में आयोजित की जा रही है। इसके पूर्व भी विमल नायर एवं अजीत बेनर्जी ने कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अम्पायर के रूप में अपनी सक्रिय भूमिका निभा चुके है। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, कोषाध्यक्ष सौरभ शुक्ला एवं समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष विनय बैसवाड़े ने दी।

इंडो-श्री लंका क्रिकेट सीरिज में सुरेश, नीलेश और संतोष

भिलाई। एशियाई टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन के निर्देशानुसार भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन हैदराबाद में पुरुष वर्ग में भारत एवं श्रीलंका के मध्य तीन मैचों की सीरीज द्वारा 15 से 17 अगस्त तक खेली गई। इंडो-श्री लंका इंटरनेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट द्विपक्षीय इस सीरीज के लिए भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट टीम में छत्तीसगढ़ के दो खिलाड़ियों सुरेश साव एवं निलेश बेक का चयन किया गया। वहीं भारतीय टीम के कोच छत्तीसगढ़ के ही संतोष प्रसाद को नियुक्त किया गया है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव आजाद अहमद ने दी।

सिर में होने वाला दर्द आपके शरीर के दूसरे हिस्सों को भी करता है प्रभावित

माइग्रेन रहता है तो हो जाइए सावधान, हार्ट अटैक और जानलेवा रोग का भी इससे बढ़ सकता है खतरा

माइग्रेन बहुत सामान्य सी न्यूरोलॉजिकल समस्या है जिसमें सिर के एक हिस्से में तेज दर्द होने लगता है। इस दर्द के अनुभव के साथ धड़कनों में तेजी, मतली, उल्टी और ध्वनि-प्रकाश के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता का भी अनुभव हो सकता है। माइग्रेन का सिरदर्द, सामान्य सिरदर्द की तुलना में अधिक तीव्रता वाला होता है, इसपर गंभीरता से ध्यान देने की भी आवश्यकता होती है क्योंकि कुछ स्थितियों में ये साइकोसोमेटिक डिसऑर्डर के कारण होने वाली समस्या भी हो सकती है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि अगर आपको लंबे समय से माइग्रेन की समस्या बनी हुई है, तो इसपर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। माइग्रेन पर ध्यान न देना हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। यही कारण है कि समय रहते इस समस्या का निदान और उपचार किया जाना चाहिए। आइए माइग्रेन के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानते हैं।

माइग्रेन के कारण होने वाली दिक्कतें

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दुनियाभर में, स्ट्रोक मृत्यु का दूसरा सबसे आम कारण

है। भारत में सालाना 1.85 लाख से अधिक लोग स्ट्रोक के शिकार होते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों में स्ट्रोक होने का खतरा अधिक हो सकता है। माइग्रेन और इस्केमिक स्ट्रोक के बीच संबंधों को लेकर कई अध्ययनों में भी स्पष्ट किया गया है, क्योंकि ये दोनों रक्त वाहिकाओं की आपूर्ति से संबंधित समस्याएं हैं।

अध्ययन से पता चलता है कि माइग्रेन से मायोकार्डियल इन्फ्रक्शन, स्ट्रोक और हृदय मृत्यु का खतरा भी बढ़ सकता है।

हृदय रोग और स्ट्रोक का बढ़ सकता है जोखिम

एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि जो लोग माइग्रेन से पीड़ित हैं, उनमें हृदय संबंधी समस्याओं जैसे दिल का दौरा या हृदय गति से संबंधित विकारों जैसे एट्रियल फाइब्रिलेशन का खतरा दो गुना अधिक हो सकता है। जर्नल ऑफ न्यूरॉलजी में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं की टीम ने बताया कि माइग्रेन का अगर समय रहते उपचार न किया जाए तो इसके कारण इस्केमिक स्ट्रोक हो सकता है जो जानलेवा दुष्प्रभावों वाला माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ऐसे लोग जो पहले से माइग्रेन की समस्या से परेशान हैं उन्हें उपचार के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों से जरूर मिलना चाहिए।

माइग्रेन और इसके जोखिम

शोधकर्ताओं ने बताया कि माइग्रेन वाले किसी व्यक्ति के जीवनकाल में इस्केमिक स्ट्रोक होने का जोखिम लगभग दोगुना हो जाता है। इसके अलावा क्रोनिक माइग्रेन कुछ लोगों के जीवन की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव भी डाल सकती है। इसके अलावा जिन लोगों को अक्सर माइग्रेन की दिक्कत होती रहती है उनमें मानसिक स्वास्थ्य या नींद की समस्या का खतरा भी काफी बढ़ जाता है।

माइग्रेन को ट्रिगर होने से बचें

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, माइग्रेन का सिरदर्द कुछ स्थितियों में गंभीर और दीर्घकालिक तौर पर मस्तिष्क क्षति के खतरे बढ़ाने वाला हो सकता है। कुछ स्थितियों में इसके कारण कार्डियोवस्कुलर समस्याओं का भी जोखिम रहता है। आप माइग्रेन को प्रबंधित करने के लिए कुछ उपायों को अपनाकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यदि आपको सिरदर्द होता है तो इसको ट्रिगर करने वाली समस्याओं के बारे में जानें और उससे बचाव के लिए उपाय करते रहें। स्वस्थ आहार का सेवन करें और किसी समय भोजन न छोड़ें। कैफीन की अधिकता कुछ लोगों में माइग्रेन का खतरा बढ़ा सकती है, ऐसे में इससे बचाव के लिए जरूरी है कि आप चाय-कॉफी जैसी चीजों का सेवन कम से कम करें।

धन को आकर्षित करना चाहते हैं तो फेंग शुई मनी बाउल करें इस्तेमाल

हर कोई धन को आकर्षित करना चाहता है। आप इसके लिए कड़ी मेहनत करते हैं, और इसे प्राप्त करना आसान हो सकता है यदि आप ब्रह्मांड को अपने पक्ष में कर सकते हैं। तो, आप अपने घर में सही प्रकार की ऊर्जा कैसे प्राप्त करते हैं? कैसे एक फेंग शुई मनी बाउल के बारे में। धन के कटोरे या सिर्फ धन के कटोरे के रूप में भी जाना जाता है, इन फेंगशुई उपकरणों को धन और प्रचुरता लाने के लिए माना जाता है। फेंग शुई में महत्वपूर्ण पांच तत्व पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और लकड़ी हैं। जिस तरह से इन तत्वों को रखा जाता है और जिस दिशा में उनका सामना होता है, जैसे कारक उनके प्रभाव को प्रभावित करते हैं। अगर आप फेंग शुई मनी बाउल से धन प्रकट करना चाहते हैं, तो यहां कुछ चीजें हैं जिन्हें आपको जानना चाहिए।

फेंगशुई मनी बाउल में क्या रखें

फेंग शुई मनी बाउल में धन को आकर्षित करने वाली वस्तुएं होनी चाहिए। इसे डिस्प्ले पर रखने का इरादा है ताकि आप इसे अक्सर देख सकें। इसलिए, आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कटोरा और उसमें मौजूद चीजें सौंदर्य की दृष्टि से मनभावन हों। फेंगशुई मनी बाउल में क्रिस्टल, कांच के मोती, सिक्के आदि होना चाहिए।

फेंग शुई मनी बाउल के प्रकार

फेंग शुई मनी बाउल विभिन्न प्रकार के हो सकते हैं। इनमें लकड़ी,धातु, चीनी मिट्टी, ग्लास और क्रिस्टल भी शामिल हैं। फेंग शुई मनी बाउल प्लास्टिक का नहीं होना चाहिए। फेंग शुई मनी बाउल के लिए उपयोग किए जाने वाले ग्लास और क्रिस्टल आमतौर पर पूरी तरह से पारदर्शी नहीं होते हैं।

फेंग शुई मनी बाउल कहां रखें

जब फेंगशुई की बात आती है, तो धन की कटोरी की दिशा उतनी ही महत्वपूर्ण होती है जितनी कि एक सुंदर कटोरी बनाना। फेंगशुई के अनुसार घर के कुछ कमरे या दिशाएं समृद्धि से जुड़ी होती हैं। खासतौर पर घर का प्रवेश द्वार और लिविंग रूम धन को अपनी ओर आकर्षित करता है। फेंग शुई मनी बाउल के लिए यह आदर्श स्थान है। यदि आपका घर कार्यालय है, तो आप अपने फेंगशुई मनी बाउल को यहां भी रख सकते हैं। जैसे घर के कुछ हिस्से धन को आकर्षित करने के लिए बेहतर माने जाते हैं, वैसे ही कुछ कमरे ऐसे भी होते हैं जो मनी बाउल नहीं रखना चाहिए। बाथरूम, सिंक या नाली के पास फेंग शुई मनी बाउल नहीं रखना चाहिए।

फेंग शुई मनी बाउल कैसे बनाएं

फेंगशुई मनी बाउल वैसे तो बाजार में उपलब्ध हैं, लेकिन आप इन्हें घर पर भी बना सकते हैं। इसके लिए आप लकड़ी, धातु, चीनी मिट्टी, कांच या क्रिस्टल से बने बाउल की तलाश करें जो पूरी तरह से पारदर्शी न हो। यह बाउल बहुत गहरा या उथला नहीं होना चाहिए। यह चौकोर या गोल हो सकता है। इसके बाद, ग्लास बीड्स, क्रिस्टल या गोल्ड-पेंटेड स्टोन्स की एक बेस लेयर लगाएं। ये तत्व पृथ्वी का प्रतिनिधित्व करते हैं। अगली परत में फेंगशुई के सिक्के और अन्य सोने की पेंट वाली वस्तुएं शामिल हो सकती हैं। यदि आप अपने शयनकक्ष में मनी बाउल रखने की योजना बना रहे हैं, तो आप इसमें कोई आभूषण भी रख सकते हैं।

हथेली की एक रेखा पूरा करती है विदेश यात्रा का सपना

यदि किसी की हथेली पर कोई लकीर जीवन रेखा से निकलकर भाग्य रेखा को पार करते हुए चंद्र पर्वत की ओर जाए तो विदेश यात्रा का योग बनता है। मान्यता है कि ये लकीर जितनी गहरी और साफ सुथरी होगी विदेश यात्रा उतनी ही सफल होगी।

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार यदि किसी व्यक्ति की हथेली पर बुध पर्वत के पास से कोई रेखा निकलकर सूर्य पर्वत पर जा मिलती हो तो ऐसा व्यक्ति कई बार विदेश यात्रा करता है।

वहीं यदि किसी व्यक्ति की हथेली में चंद्र पर्वत से निकलकर कोई रेखा शनि पर्वत से मिलती है तो ऐसे व्यक्ति का भाग्य विदेश में जाकर चमकता है।

हथेली पर मौजूद कुछ निशान बहुत ही शुभ होते हैं, जिनमें त्रिभुज जैसा निशान बहुत खास होता है। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार यदि चंद्र पर्वत पर त्रिभुज का निशान बने तो समझिए आपको कई बार विदेश यात्रा करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

वहीं हथेली की रेखाओं और निशान के अलावा तिलों से भी विदेश यात्रा के बारे में संकेत मिलते हैं। यदि किसी व्यक्ति की दाहिनी भौंह के पास कोई तिल का निशान बने तो व्यक्ति का व्यापार दूसरे देशों में भी होता है। ऐसे व्यक्ति को कई बार अलग-अलग देशों में यात्रा करने का मौका मिलता है। इसके अलावा किसी व्यक्ति के नाक, पैर के तलवे या अंगूठे पर तिल होता है तो वह व्यक्ति विदेश यात्रा जरूर करता है।

थायरॉइड को हराने नियमित करें योगासनों का अभ्यास

तनाव के कारण हाइपोथायरायडिज्म की समस्या हो सकती है। थायराइड का स्तर बढ़ने पर कई स्वास्थ्य संबंधित जटिलताएं हो सकती हैं। थायराइड गले में स्थित एक छोटी ग्रंथि है, जो कई आवश्यक हार्मोन स्रावित करती है। ये हार्मोन मेटाबॉलिज्म, शरीर के तापमान और विकास के लिए आवश्यक होते हैं। थायराइड के स्तर के बढ़ने या कम होने, दोनों ही स्थिति में शरीर को नुकसान हो सकता है। योग गुरु, कुछ योग मुद्राओं को थायराइड के स्तर को संतुलित करने के लिए सहायक मानते हैं।

समग्र स्वास्थ्य के लिए योग फायदेमंद माना जाता है। योग से शरीर में ऊर्जा संतुलित होती है और लचीलापन आने के साथ ही तनाव की समस्या से छुटकारा मिलता है। कई तरह की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के लिए योग को असरदार माना जाता है। थायराइड के स्तर को नियंत्रित करने और स्वास्थ्य समस्याओं को कम करने के लिए यहां कुछ योगासनों के फायदे बताएं जा रहे हैं

थायराइड में करें सेतुबंधासन का अभ्यास

इस आसन को ब्रिज पोज भी कहते हैं। पीठ और रीढ़ की हड्डी को मजबूत करने के लिए यह योगासन लाभकारी है। अध्ययनों से पता चला है कि सेतुबंधासन के अभ्यास से थायराइड के लक्षणों को कम किया जा सकता है। इस आसन को करने के लिए पीठ के बल लेट कर पैरों को कंधे की चौड़ाई से थोड़ा अलग करके घुटनों को मोड़ लें। अब हथेलियों को खोलते हुए हाथ को बिल्कुल सीधा जमीन पर सटा लें और सांस को लेते हुए कमर के हिस्से को ऊपर की ओर उठाएं। सांस छोड़ते हुए पुरानी वाली स्थिति में आ जाएं।

कोबरा पोज

थायराइड की समस्या से राहत पाने के लिए कोबरा पोज का अभ्यास कर सकते हैं। इस आसन से गले और थायराइड को उत्तेजित करने में सहायक माना जाता है। कोबरा पोज के अभ्यास से लिए जमीन पर लेटकर हथेलियों को फर्श पर कंधे की चौड़ाई से अलग रखें। अब श्वास लेते हुए छाती को फर्श से उठाते हुए छत की ओर देखें। अब शरीर को फर्श पर दोबारा लेकर आएं। इस योग को दोहराएं।

कैट-काउ पोज

थायराइड की समस्या से परेशान लोगों को कैट काऊ का अभ्यास करना चाहिए। यह गले में रक्त के प्रवाह को निरंतर जारी रखने में लाभकारी है। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले कलाइयों और घुटनों की मदद से जानवरों जैसी मुद्रा बना लें। गहरी श्वास लें और छोड़ें।